e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 99

बुधवार
12.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आप कई बार झुकते है, कई बार टूटे है। इसके बावजूद अंत में बेहतर आकार ले ही लेते है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**
इफ्तार (12/04/23) 06:10
सेहरी (13/04/23) 04:06

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## साहेबगंज में सीएम ने 75392.09 लाख रुपए की 2080 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# गांव-गांव पहुंच रही विकास योजना : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने राज्य के 9 जिलो में चलने वाले मीजल्स-रूबेला विशेष टीकाकरण अभियान का किया शुभारम्भ**

**सिदो कान्हू कृषि एवं वन उपज संघ के तहत पैक्स- लैम्प्स के लिए सदस्यता महाअभियान का सीएम ने किया शुभारंभ**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अमर शहीद सिदो -कान्हू की पवित्र भूमि भोगनाडीह से आज मिजल्स -रूबेला विशेष टीकाकरण और नवगठित सिदो -कान्हू राज्य सहकारी संघ के तहत पैक्स- लैम्प्स से सदस्यों को जोड़ने के महाअभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने साहिबगंज जिले को 2080 योजनाओं की सौगात दी और लाभुकों को सशक्त बनाने के लिए उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने जिले के दूरस्थ सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए चार बाइक एंबुलेंस की चाबी भी सौंपी। सिदो कान्हू जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों की उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकार की आवाज, नजरें और योजनाएं गांव -गांव पहुंच रही है। पहले वातानुकूलित दफ्तरों में योजनाएं बनती थी और वहीं खत्म भी हो जाती थी।

लेकिन, हमारी सरकार ने अलग झारखंड राज्य बनने के बाद पिछले दो दशकों से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का काम किया है। अब पंचायतों में शिविर लगाकर आपके दरवाजे पर योजनाओं को लेकर अधिकारियों की फौज पहुंच रही है और आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तकनीकों के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्यायों को सुनेंगे और समाधान करेंगे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र भ्रमण के दौरान तो लोगों से मिलकर उनकी बातें सुनते ही हैं। अब तकनीकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों से एक साथ जुड़ेंगे। इसके लिए एलईडी वैन इस्तेमाल भी होगा। आम जन के दुख- दर्द दूर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

इसके अलावा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर- घर पहुँचे, इसके लिए शिविर तो लगाए ही जा रहे हैं और अब योजनाबद्ध तरीके से प्रचार प्रसार होगा।

### कृषि और वन उपज को मिलेगा बाजार और उचित मूल्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कृषि और वन उपज को बाजार के साथ उचित मूल्य मिलेगा। इसके लिए इन उत्पादों का एमएसपी भी तय किया जाएगा और इसके लिए सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वन उपज संघ का गठन किया है। इसके लिए पैक्स -लैम्प्स को आर्थिक मजबूती दी जा रही है। इसी कड़ी में पैक्स लैम्प्स के लिए आज से सदस्यता महाअभियान शुरु हो रहा है। आप सभी इससे जुड़े। इसके बाद आपके उत्पादों को पैक्स- लैम्प्स खरीदेगी। इससे आपके उत्पादों को उचित मूल्य और बाजार मिलेगा । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पलाश ब्रांड के जरिए महिल स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है।



### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगात

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 75392.09 लाख रुपए की लागत वाली 2080 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें 597.04 लाख रुपए की 2072 योजनाओं की आधारशिला रखी गई, जबकि 15664.05 लाख रुपए की 8 योजनाओं का उद्घघाटन सम्पन्न हुआ।
- मुख्यमंत्री ने 216 लाभुको के बीच लगभग 391 लाख रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया।
- सिदो -कान्हो कृषि एवं वन उत्पाद फेडरेशन के तहत लैम्प्स- पैक्स को मजबूती देने और इसमें सदस्यों को जोड़ने के महाअभियान का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ। इसके तहत अगले 1 माह में पैक्स- लैम्प्स की सदस्य संख्या को 28 लाख करने का लक्ष्य है, जो वर्तमान में 14 लाख है। इसमें 30 लाख परिवारों से कम से कम एक सदस्य को जोड़ा जाएगा
- मुख्यमंत्री ने मीजल्स -रूबेला टीकाकरण अभियान का किया शुभारम्भ
- मुख्यमंत्री ने जिले के दूरस्थ और सुदूर इलाकों के लिए चार बाइक एम्बुलेंस का लोकार्पण किया।
- मुख्यमंत्री ने सखी मंडलों को 38 ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की, ताकि कृषि कार्यो कुछ बेहतर और बढ़ावा मिल सके।

### सरकारी कर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाएं

मुख्यमंत्री ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि वे योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं। योजनाओं को धरातल पर उतारने में आप की अहम जिम्मेदारी है। सभी के प्रयासों से ही राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर सकते हैं । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हर वर्ग और तबके के लिए योजनाएं हैं और लोग इसका लाभ लें।

### बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रयास जारी

राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे- बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले , इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि में तो बढ़ोतरी की ही गई है । इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना भी सरकार ने शुरू की है । वहीं, निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को शिक्षा देने के लिए मॉडल स्कूल विकसित किए गए हैं। अब यहां के बच्चे- बच्चियों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ मेडिकल- इंजीनियरिंग आदि की पढ़ाई के लिए भी सरकार आर्थिक सहायता दे रही है।

## क्विक न्यूज

### एस ईश्वरप्पा ने चुनावी राजनीति से लिया सन्यास

**नई दिल्ली।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और शिवमोग्गा से विधायक के एस ईश्वरप्पा ने चुनावी राजनीति से सन्यास ले लिया है। एस ईश्वरप्पा ने मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को पत्र लिखकर चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है। 10 मई को कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव ईश्वरप्पा नहीं लड़ेंगे। पत्र में ईश्वरप्पा ने कहा कि वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। कन्नड़ में लिखे अपने संक्षिप्त पत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री ईश्वरप्पा ने कहा कि यह निर्णय उन्होंने किसी के कहने या फिर दबाव में नहीं बल्कि खुद ही लिया है।

### झारखंड कैबिनेट बैठक 17 अप्रैल को


**रांची :** झारखंड कैबिनेट की बैठक 17 अप्रैल को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। पिछली बैठक छह अप्रैल को निर्धारित थी, लेकिन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण बैठक स्थगित कर दी गई थी। अब 17 अप्रैल को होने वाली बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मंजूरी मिलने की संभावना है।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच को 20-20 साल की सजा

**रांची :** पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की कोर्ट ने सोमवार को सामूहिक दुष्कर्म मामले के दोषी बुंडू निवासी पांच युवकों लोगों को 20-20 साल की सजा सुनायी है। साथ ही चार अभियुक्तों पर 20-20 हजार एवं नाबालिग युवक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दरअसल, सामूहिक दुष्कर्म की घटना 29 जनवरी 2019 को बुंडू थाना क्षेत्र के अहीर टोला में अंजाम दिया गया था। घटना को लेकर पीड़िता ने बुंडू महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। घटना के बाद ही पुलिस ने आरोपित राजू अहीर, अमित अहीर, शरनागत अहीर, पंकज अहीर एवं एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता, डॉक्टर, एफएसएल अधिकारी सहित नौ गवाहों को प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने राजू अहीर, अमित अहीर, शरनागत अहीर, पंकज अहीर एवं एक नाबालिग को 3 अप्रैल को दोषी ठहराया था। मंगलवार को कोर्ट ने पांच लोगों को 20-20 साल की सजा के साथ चार अभियुक्तों पर 20-20 हजार व नाबालिग पर 10 हजार रुपये का जुर्माना की सजा सुनायी।



## रामगढ़ : हथियारबंद लुटेरों ने एलआईसी कार्यालय के बाहर किया हमला, 29 लाख रुपए लूटे




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर में दिनदहाड़े मंगलवार को लुटेरों ने हथियार के बल पर एलआईसी का 29 लाख रुपए लूट लिया। एलआईसी में जमा इस रकम को बैंक में डालने के लिए सुरक्षाकर्मी ले जा रहे थे। इसी दौरान हथियारबंद अपराधियों ने उन पर हमला किया और रुपयों से भरा बैग लेकर चंपत हो गए। आधा दर्जन से अधिक बाइक पर सवार लगभग 10 से 15 नकाबपोश अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि एलआईसी ऑफिस से 29 लाख 34 हजार 797 रुपए लेकर एसआईएस कंपनी के सुरक्षाकर्मी और कैश अधिकारी आईडीबीआई बैंक जा रहे थे। पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने एलआईसी ऑफिस से बाहर निकलते ही सुरक्षाकर्मियों और कैश अधिकारी पर हमला कर दिया। अपराधियों के पास हथियार थे और उन लोगों ने 4-5 राउंड गोली भी चलाई। घटनास्थल से पुलिस को दो खोखा बरामद हुआ है। इस वारदात में एक कैश अधिकारी प्रेम कुमार मिश्रा को गोली लगी है।

इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल वे खतरे से बाहर है। अपराधियों ने एक अन्य कैश अधिकारी संतोष कुमार पांडे पर भी गोली चलाई थी। लेकिन वे बाल-बाल बचे। अचानक हुई गोलीबारी से घबराए सुरक्षाकर्मी और कैश अधिकारी ने भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान रुपयों से भरा बैग सड़क पर ही छोड़ दिया। जिसे लेकर सभी लुटेरे फरार हो गए। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पूरे जिले में नाकेबंदी कर दी गई है।

## जनहित के मुद्दे उठाने से रोक नहीं सकती सरकार : राहुल गांधी

एजेंसी

**वायनाड/नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को एक जनसभा में कहा कि वह वायनाड और देश के मुद्दों को उठाते रहेंगे। सरकार उन्हें संसद जाने से रोक सकती है, लेकिन जनहित के मुद्दों को उठाने से नहीं रोक सकती है। संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सांसद तो बस एक पद है। इसलिए भाजपा पद से हटा सकती है। घर ले सकती है और जेल में भी डाल सकती है, लेकिन इससे वह डरने वाले नहीं हैं। सभा को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी संबोधित किया। प्रियंका ने कहा कि राहुल को सच कहने और सवाल पूछने की सजा दी गई है।

## पीएम मोदी ने युवाओं से सीमावर्ती गांवों में जाने का किया आग्रह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के युवाओं से वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के हिस्से के रूप में सीमावर्ती गांवों का दौरा करने का आग्रह किया।बीआजादी का अमृत महोत्सव के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से युवा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत किए जा रहे एक कार्यक्रम के बारे में ट्वीट कर बताया गया कि ओडिशा के युवा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत रुणाचल प्रदेश के किबिथू और तूतिंग गांवों के दौरे पर हैं। ट्वीट में आगे कहा गया कि यह प्रोग्राम युवाओं को इस पूर्वोत्तर क्षेत्र की जीवन शैली, जनजातियों, लोक संगीत और हस्तशिल्प के बारे में जानने तथा इसके स्थानीय जायके और प्राकृतिक सुंदरता में खुद को तल्लीन करने का अवसर दे रहा है। अमृत महोत्सव के हैंडल से किए गए एक ट्वीट का जवाब देते हुए,पीएम मोदी ने कहा कि मैं दूसरों से, विशेष रूप से भारत के युवाओं से सीमावर्ती गांवों का दौरा करने का आग्रह करूंगा। यह हमारे युवाओं को विभिन्न संस्कृतियों से परिचित कराएगा और उन्हें वहां रहने वालों के आतिथ्य का अनुभव करने के लिए एक अवसर देगा।



**ट्वीट में आगे कहा गया कि यह प्रोग्राम युवाओं को इस पूर्वोत्तर क्षेत्र की जीवन शैली, जनजातियों, लोक संगीत और हस्तशिल्प के बारे में जानने तथा इसके स्थानीय जायके और प्राकृतिक सुंदरता में खुद को तल्लीन करने का अवसर दे रहा है।**

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए विशेष रूप से सड़क संपर्क के लिए 2,500 करोड़ रुपये सहित 4,800 करोड़ रुपये के केंद्रीय घटकों के साथ वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को मंजूरी दी है।



## संक्षिप्त खबरें

### रिम्स के गर्ल्स हॉस्टल में लगी आग

**रांची।** मंगलवार को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के गर्ल्स हॉस्टल नंबर 2 में दोपहर को आग लग गयी। बताया जा रहा है कि हॉस्टल परिसर के पीछे ट्रांसफार्मर में काम चल रहा था, इसी दौरान शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। हालांकि आग कैसे लगी है, इसकी जांच की जा रही है। कर्मचारियों ने इसकी सूचना फौरन वरीय अधिकारियों को दी, जिसके बाद फायर एक्सटिंग्विशर के सहारे आग पर काबू पा लिया गया था। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने पत्रकारों को बताया कि जिस वक्त हॉस्पिटल नंबर दो परिसर में आग लगी, उस वक्त मॉक ड्रिल चल रहा था, रिम्स के वरीय अधिकारी और अग्निशमन विभाग के लोग भी मॉक ड्रिल में शामिल थे, आगलगी की जानकारी मिलते ही हॉस्टल में पहुंचकर आग पर काबू पाया गया, हालांकि किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### अधिवक्ता के साथ मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

**रांचीः** रांची सिविल कोर्ट के एक अधिवक्ता के साथ मारपीट का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। अधिवक्ता का नाम इमरान खान बताया गया है। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता के घर में घुसकर एक केस को छोड़ने की पहले धमकी दी। जब वह नहीं माने तो वकील के साथ उसकी पत्नी और घर के अन्य सदस्यों के साथ भी बदसलूकी की गई। इस संबंध में अधिवक्ता इमरान खान की पत्नी ने लोअर बाजार थाना में शिकायत दी है। थाना में दिए अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि गुदड़ी चौक और आजाद बस्ती के मो. इबरार और अब्बू खान कुछ युवकों के साथ उनके घर में जबरन घुस आए और अधिवक्ता इमरान को खोजने लगे। इस बीच अधिवक्ता इमरान भी घर पहुंच गए, तब उक्त लोगों ने उनके पति और घर के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

# सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प


छाया : नसीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सोरेन हटाओ झारखंड बचाओ के नारे के साथ भाजपा नेता, विधायक, सांसद ,राज्यसभा सदस्य मंगलवार को सुबह प्रभात तारा मैदान पहुंचे । इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद 2ः00 बजे करीब सभी लोग सचिवालय घेराव करने प्रोजेक्ट भवन की तरफ निकल पड़े , हालांकि रांची जिला प्रशासन ने पूर्व में ही 144 धारा लगा दिया था। सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की महिला कंपनी के अलावा झारखंड पुलिस की रैपिड एक्शन पुलिस (रैप), एसआईएसएफ, झारखंड जगुआर के जवानों को सुरक्षा में लगाया गया है।साथ ही साथ चारों और बैरिकेडिंग भी कर दिया गया था। पानी कैनन और पुलिस फोर्स की भी तैनाती कर दी गई थी । उद्देश्य यही था कि भाजपा कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से प्रभात तारा मैदान में ही भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और फिर पुनः अपने अपने कार्य क्षेत्र की ओर लौट जाएंगे, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऐसा नहीं किया।

### बैरिकेडिंग तोड़ने पर हुआ झड़प :

करीब 2:30 बजे से ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश , पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी , अर्जुन मुंडा,रघुवर दास, सांसद समीर उरांव, संजय सेठ, विद्युत वरण महतो ,अन्नपूर्णा देवी, बीडी राम , बिरंचि नारायण अमर बावरी, सहित कई विधायक सांसद गण उपस्थित रहें और सभी एक साथ सचिवालय घेरने धुर्वा गोलचक्कर के लिए आगे बढें। जिला प्रशासन ने मौके पर उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, एसडीएम दीपक दूबे ने धुर्वा गोल चक्कर पर बने बैरिकेडिंग पर ही सभी को रोकना चाहा लेकिन सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास करने लगे। और पुलिस पर पानी की बोतले फेंकने शुरू कर दिए, पुलिस के लाख समझाने के बावजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने सचिवालय घेरने के लिए बैरिकेडिंग के ऊपर चढ़ गए , जिसके बाद पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं, नेता ,विधायक ,सांसदों में हाथापाई होने लगी , देखते ही देखते पानी कैनन छोड़ा गया, आंसू गैस छोड़े गए, जिसमें एक पत्रकार सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं को कोई भी चोटें आई । इसी बीच सांसद संजय सेठ की हालत बिगड़ने लगी और समीर उरांव दोनों को हिरासत में ले लिया गया, कुछ देर में ही सभी को छोड़ दिया गया था।

### भाजपा को सिर्फ हेमंत हटाना है :

झारखंड सरकार और अपने कार्यों के क्षमता की बदौलत 3 साल कार्यकाल पूरा करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ अब भाजपा उग्र के रूप नजर आने लगी है । यही नजारा धुर्वा गोल चक्कर के नजदीक प्रभात तारा मैदान में देखने को मिला। जब पूरे राज्य भर से भाजपा कार्यकर्ता, नेता, विधायक ,सांसद ,राज्यसभा सदस्य, महिला नेत्री सभी एक स्वर में हेमंत सोरेन हटाओ झारखंड बचाओ के नारे के साथ धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान पहुंचे। सभी लोग सुबह 9ः00 बजे से ही मैदान पहुंचने लगे थे । समय जैसे-जैसे गुजरते गया वैसे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ,राजसभा सदस्य आदित्य साहू ,पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विद्युत वरण महतो, संजय सेठ समीर उराव, सहित भाजपा के अन्य विधायक एवं सांसद मंच पर पहुंचे और इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ उग्र भाषण दिया। कहा कि यह सरकार 3 सालों में जो वादे जनता से करके आई थी वह वादे पूरे नहीं कर सकी , अब इसे हट जाना चाहिए । आदिवासियों को ठगने का काम किया है, आदिवासियों से झूठ बोला है। सभी नेता ,विधायक, सांसद ने सिर्फ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ही टारगेट करके अपने भाषण को देते नजर आए , खासकर आदिवासी मुद्दा को उछलते नजर आए । नियोजन नीति, स्थानीय नीति , सीएनटी एसपीटी एक्ट की बात है , इन तमाम मुद्दों पर सिर्फ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टारगेट में दिखे।

### एसएसपी और उपायुक्त ने कहा :

धारा 144 लगा हुआ था , सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से पहले ही कह दिया गया था कि वह शांतिपूर्वक तरीके से अपने सभा स्थल में सभा को संबोधित करेंगे और फिर वापस अपने अपने कार्य क्षेत्र को चले जाएंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया इन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया, पुलिस पर बोतल फेंकी गई, इसी के बीच जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़फोड़ करने लगे, तब उसे रोकने का प्रयास किया गया, जितना हो सके पुलिस फोर्स ने उसे रोकने का प्रयास किया, इस बीच स्थिति बिगड़ते देख ,नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने हल्का बल का प्रयोग किया गया, जिसमें हमारे कुछ जवानों को चोटें भी लगी है।

### विनोद पांडेय ने कहा :

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि सरकार जिस तरह से काम कर रही है और साढ़े 3 साल का कार्यकाल पूरा करने से भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है । सबसे बड़ी बात यह है कि आदिवासी चेहरा को देखना पसंद नहीं करते हैं, इसलिए इस का नारा भी देखिए हेमंत सोरेन हटाओ झारखंड बचाओ से स्पष्ट होता है कि एक आदिवासी चेहरा इन सभी कितना कितना खल रहा है , लेकिन जनता देख रही है जनता का समर्थन मिल रहा है । जनता के कार्य पूरे हो रहे हैं, जो वादे किए गए थे वह वादे पूरा हो रहा है और जो बचा है अभी साल बाकी है उनके भी वादे पूरे होंगे, भाजपा 2024 में भी नहीं आने जा रही है, चाहे जितनी कोशिश कर ले।

### हेमंत सोरेन की लाठियों से हम भाजपाई डरने वाले नहीं : आरिफ



भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार की नीतियों के विरोध में सचिवालय घेराव किया। जिसमे भारी तादाद में झारखंड के विभिन जगहों से भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता मौजूद थे। भारी संख्या में कार्यकर्ताओं का हुजूम था । पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव डॉक्टर आरिफ नासिर बट्ट ने कहा कि जिस तरह से हेमंत सोरेन की पुलिस प्रशासन ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई, आंसू गैस छोड़े, वाटर कैनन छोड़े गए जिसमें हमारे कई साथी गण घायल हुए हैं , इसका जवाब हेमंत सरकार को देनी होगी ।आगे उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार बस युवाओं को ठगने का काम कर रही है। इस सरकार में न ही अल्पसंख्यकों को आरक्षण मिला न ही सरकार ने अबतक कोई बोर्ड गठन किया । न ही युवाओं को रोजगार मिला, न ही रोज़गार भत्ता , बस बड़े बड़े वादे किए जा रहे हैं । जनता बेवकूफ नहीं है आने वाले 2024 के चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी । जनता एक एक झूठे वादे के खिलाफ सरकार को जड़ से उखाड़ने का काम करेगी ।

### पुलिस हिरासत में भाजपा सांसद, विधायक कुछ अस्पताल में भर्ती



रांची।हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के नारे के साथ बैरिकेडिंग तोड़ने के दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ता, विधायक, सांसदों के बीच झड़प हुआ इसके बाद रांची सांसद संजय सेठ ,चतरा सांसद सुनील सिंह, सांसद समीर उरांव, विधायक बीरांची नारायण, विधायक अमित मंडल, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह सब को गिरफ्तार कर जगरनाथपुर थाना रांची ले जाया गया। इसमें से करीब तीस भाजपा विधायक को चोटें आई हैं सभी को पारस अस्पताल में इलाज के ले जाया गया। कुछ पत्रकार और एक आइपीएस अधिकारी को भी चोट लगी है।

## विहिप प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रांत की विश्व हिंदू परिषद की इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से जमशेदपुर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में आठ, नौ एवं 10 अप्रैल को जमशेदपुर महानगर कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित जटाधारी हनुमान मंदिर में असामाजिक तत्वों ने प्रतिबंधित मांस के टुकड़ों को पोटली बनाकर महावीरी झंडा के बांस में बांधने की घटना की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर शामिल थे। प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू ने कहा जिस प्रकार से झारखंड सरकार तुष्टिकरण की नीति को अपनाते हुए उसके प्रशासन द्वारा हिंदुओं के प्रति दमनकारी नीति अपनाकर प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में श्रीरामनवमी महोत्सव के निमित्त लगाए गए महावीरी झंडा के बांस पर प्रतिबंधित मांस को बांधकर अपवित्र करने की कुचेष्टा ही नहीं की गई बल्कि हिंदू समाज के धार्मिक आस्था पर प्रहार किया गया।

## झारखंड में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की साजिश को नाकाम करे : वामदल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय अल्बर्ट चौक रांची में वामदलों की बैठक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक की अध्यक्षता में हुई। भाजपा द्वारा एक ओर देश की राष्ट्रीय संपदा की लूट की जा रही है और दुसरी तरफ भारत का संविधान, देश के फेडरल ढांचे व जनतंत्र समेत आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। इसके साथ ही सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए आम नागरिकों के बीच नफरत और घृणा का माहौल फैलाया जा रहा है। झारखंड भी इनके मुख्य निशाने पर है।

अभी इनका तय एजेंडा यह है कि आदिवासियों को ईसाई और गैर इसाई में विभाजित किया जाय, मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत की मुहिम तेज की जाए ताकि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के माध्यम से अपने वोटों का आधार बढाया जाए। इसके अलावा अन्य वामपंथी समुह और बुद्धिजीवी, विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में बिखरे समाजवादी तथा सेक्युलर पूंजीवादी पार्टियों के लोकतांत्रिक हिस्से, आदिवासियों, दलितों, महिलाओं व अल्पसंख्यकों के जनतांत्रिक संगठन और प्रगतिशील - जनवादी संस्कृति के पक्षधर कलाकार वाम - जनवादी मोर्चा के विस्तार को सशक्त करेंगे । बैठक में स्वीकृत प्रस्ताव में यह कहा गया है कि वामदलों की यह संयुक्त पहल झारखंड में एक जनपक्षीय राजनीतिक विकल्प की दिशा को तय करने के लिए की जा रही है. बैठक में भाकपा के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, महेंद्र पाठक, अजय सिंह,के. डी. सिंह, माकपा के प्रकाश विप्लव, सुखनाथ लोहरा, समीर दास, प्रफुल्ल लिंडा,भाकपा (माले) के मनोज भक्त, मासस के राजेन्द्र गोप, सुशांत मुखर्जी, आरएसपी के गणेश दिवान समेत वामदलों के अन्य नेता शामिल थे। बैठक के प्रारंभ में राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो और मार्क्सवादी चिंतक सुनीत चोपड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया. बैठक की अध्यक्षता महेंद्र पाठक ने की।

## मौला अली का मातम मनाया जा रहा मस्जिद जाफरिया रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दामाद रसूल जानशीन मुस्तफा हजरत अली की शहादत की याद में मंगलवार को दूसरी मजलिस को इत्तेहाद इत्तेफाक के अलंबरदार हाजी मौलाना सैयद तहजिबूल हसन रिजवी, इमाम जुमा रांची ने दूसरी मजलिस को संबोधित किया। कहा कि आज के दौर में धर्म की नहीं मानवता की रक्षा करो। मौला अली कहते हैं कि नफरत समाज और देश को कमजोर करती है। मनुष्य को किसी धर्म से नहीं, धर्म के गलत लोगों से घृणा करनी चाहिए। हमारा धर्म इस्लाम भाईचारे का धर्म है। और आपसी प्रेम को एक महान पूजा समझा जाता है। हजरत अली ने आधी रात में गरीबों की मदद की। उसने धर्म के बारे में पूछकर मदद नहीं की, बल्कि उसे एक इंसान समझकर मदद की। लेकिन उस जालिम ने कूफा की मस्जिद में सजदा करते हुए इंसानियत के मसीहा पर ऐसा जानलेवा हमला किया कि वह शहीद हो गए।

अली के बिना दुनिया सूनी हो गई। लेकिन अली का किरदार आज भी जिंदा है और रहेगा। मजलिस में शहादत का जिक्र सुनकर लोग रोने लगे। सोज ख्वानी सैयद अता इमाम रिजवी ने की। पेश खानी आगा जफर, सैयद निहाल हुसैन सरियावी ने किया। नोहा ख्वानी कासिम अली ने किया।

बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे थे। ज्यादातर लोगों ने काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। मजलिस का आयोजन सैयद महदी इमाम व ज़फ़रुल हसन ने किया। मजलिस में सैयद जावेद हैदर, सैयद जैनुल हसन, सैयद समर अली, सैयद फराज अहमद, अशरफ हुसैन, सैयद शाहरुख रिजवी, डॉ. मुबारक अब्बास, रिजवान हैदर, सैयद फराज अब्बास, अली हसन फातमी, सैयद हसनैन जैदी आदि मौजूद रहे।

## बूटी गांव में मंडा पूजा को लेकर समिति गठित

**रांची :** बूटी मंडा मंदिर प्रांगण में बुद्ध पूर्णिमा को मंडा पूजा को लेकर एक समिति बनाई गई।

बैठक की अध्यक्षता ललकू महतो ने की। सर्वसम्मति से राम ओहदार को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि कार्यकारी अध्यक्ष अमर महतो, कोषाध्यक्ष लिखेश्वर कुमार, सह कोषाध्यक्ष मनोज महतो, उमेश महतो, सचिव सत्यम कुमार, रजनीकांत ओहदार, अजीत महतो, सह सचिव करण ओहदार, अविनाश महतो, बबलू भंडारी, पंकज बैठा, मुरारी बैठा, उपाध्यक्ष कपिल महतो, तारकेश्वर महतो सहित अन्य को समिति में रखा गया है।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन के दावत ए इफ्तार में जुटे कई पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के द्वारा पुलिस एसोसिएशन कार्यालय में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया । इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह के अध्यक्षता में हर साल की तरह इस साल भी सफल आयोजन किया गया। मौके पर एसोसिएशन के करीब सभी पदाधिकारी गण जिनमें प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,प्रांतीय वरीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडे , प्रांतीय उपाध्यक्ष अरविंद प्रसाद यादव, प्रांतीय महामंत्री अक्षय राम, प्रांतीय वरीय संयुक्त सचिव मो महताब आलम, प्रांतीय संयुक्त सचिव रंजन कुमार, प्रांतीय संगठन सचिव अंजनी कुमार सहित कई गणमान्य पुलिस पदाधिकारियों समाज के वरिष्ठ गणमान्य व पत्रकार गण ने हिस्सा लिया।

इफ्तार के बाद राज्य की खुशहाली, अमन-चैन सौहार्द एकता भाईचारा बनी रहे इसको लेकर दुआ भी की गई।इस मौके पर डीआईजी बजट शम्स तबरेज, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, यातायात पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमॉ, धर्मेंद्र कुमार सिंह प्रक्षेत्रीय मंत्री, परवेज सहित कई पुलिसकर्मी शामिल हुए।

## 74 फूटपाथ विक्रेताओ को डिस्टलरी वेंडर मार्केट में बसाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नगर निगम रांची क्षेत्रांतर्गत सभी वेंडर्स को व्यवस्थित करना रांची नगर निगम की प्रथमिकता हैं। इस निमित रांची नगर निगम द्वारा लालपुर - कोकर मार्ग के सब्जी एवं मांस-मछली के फूटपाथ विक्रेताओ को व्यवस्थित करने हेतु डिस्टलरी वेंडर मार्केट का निर्माण कराया गया। प्रथम चरण में नवनिर्मित डिस्टलरी वेंडर मार्केट में मारा - मछली के फूटपाथ विक्रेताओं को स्थल निर्धारित करने हेतु लॉटरी किया गया था, जिसके उपरांत 74 दुकानदारों को नवनिर्मित मार्केट में स्थल निर्धारित कर दिया गया।

11 अप्रैल 2023 को नगर आयुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार सभी दुकानदारों को डिस्टलरी वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर व्यवस्थित किया गया। तत्पश्चात पुराने स्थल में साफ-सफाई एवं समतलीकरण कार्य किया गया।

इस दौरान पुराने (खाली कराए ) स्थल पर बने विभिन्न अस्थाई संरचनाओं को हटाया गया।

बता दे रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम के द्वारा 10 अप्रैल 2023 को सभी मास-मछली विक्रेताओं को अपने-अपने आवंटित स्थलों में शिफ्ट होने हेतु अनाउसमेंट कराया गया था। रांची नगर निगम द्वारा सभी दुकानदारों को सर्केट में साफ-सफाई रखने का निदेश दिया गया है।

साथ ही यह भी निदेश दिया गया है कि भविष्य में कोई भी दुकानदार पुराने (खाली कराए) स्थल पर अपनी दुकान ना लगाए तथा ऐसे पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आम आदमी पार्टी को रास्ट्रीय पार्टी का मान्यता मिलना केजरीवाल मॉडल को मान्यता : डीएन सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक डीएन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज चुनाव आयोग द्वारा आम आदमी पार्टी को एक राष्ट्रीय पार्टी कि मान्यता दी गई हैं एक छोटी पार्टी को इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलना ये पार्टी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैं यह अरविन्द केजरीवाल कि विकास मॉडल को मान्यता हैं आज से पार्टी औपचारिक रूप से राष्ट्रीय स्तर कि पार्टी हो गई हैं जिसका लाभ झारखण्ड में भी पार्टी को मिलेगा, कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार होगा। पार्टी कार्यकर्ताओं में भी जश्न का माहौल हैं विदित हो कि दस वर्ष पूर्व दिल्ली में आंदोलन से उभरी पार्टी दिल्ली में लगातार तीन बार से सत्ता में हैं और अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार कि विकास मॉडल पुरे विश्व में चर्चा का विषय हैं बेहतर शिक्षा, स्वास्थ, और मुफ्त बिजली पानी कि मॉडल को दिल्ली और पंजाब कि जनता के साथ साथ सम्पूर्ण देश कि जनता पसंद कर रही हैं। आप झारखण्ड प्रदेश संयोजक ने आगे कहा कि दिल्ली और पंजाब के बाद अब झारखण्ड कि बारी हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**नही हल कर सके पिपरवार प्रबंधक असंगठित मजदूरों की समस्या, प्रबंधन ने मांगा तीन दिन का समय**

# पिपरवार जीएम ऑफिस के सामने देंगे अनिश्चितकालीन धरना : यूसीडब्लूयु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** यूसीडब्ल्यू (एआईटीयूसी) के बैनर तले पूर्व से निर्धारित पिपरवार प्रबंधक के द्वारा दिये गए अस्वासन के बाद पिपरवार महाप्रबंधक के साथ पुनः यूनियन व असंगठित मजदूरों के साथ बैठक किया गया. बैठक में पिपरवार में पूर्व में कार्यरत विभिन्न ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के असंगठित मजदूरों को सीएमपीएफ, पेंशन और बोनस को लेकर चर्चा किया गया. उसके बाद पुनः पिपरवार महाप्रबंधक के द्वारा समय व अस्वासन का राग अलापते हुए यूनियन व असंगठित मजदूरों को तीन दिन समय मांगा लिया गया. इस पर यूनियन के नेताओ ने क्षेत्र में संचालित आरपीएल, सीआईसी, टीसीपीएल,सैनिक, जेबी सहित संचालित विभिन्न कंपनियों को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग किया गया. ये कंपनियां असंगठित मजदूरों का सुध मूल दबा कर रखी हुई है. इस पर मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि जो कम्पनी मजदूरों के साथ शोषण करने के अलावे कुछ नही कर रही है.वही नेताओ ने कहा कि पिपरवार प्रबंधन के कहे अनुसार तीन दिन का समय लिया है, प्रबंधन तीन दिन में पहल नहीं होती है तो , चौथा दिन से अनिश्चितकालीन धरना पर पिपरवार प्रबंधन कार्यालय के समक्ष दिया जायेगा. बैठक में पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय, एसओपी मनीष सोए,एनके एरिया के एरिया सचिव कामरेड प्रेम कुमार, एरिया के वर्किंग प्रेसिडेंट कामरेड दिनेश भर, एरिया सह सचिव कामरेड अशोक राम, अशोका के एरिया सचिव कामरेड अरविंद शर्मा, असंगठित के प्रेसिडेंट जितेंद्र सिंह,सचिव चंदन शर्मा के नेतृत्व में असंगठित मजदूरों को सीएमपीएफ,पेंशन,बोनस दिलाने को लेकर वार्ता करते हुए.



# सिल्ली में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** चित्रपट झारखंड की ओर से सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित किए जाने वाले फिल्म महोत्सव के लिए पोस्टर का विमोचन पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में किया। उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश व राज्य में सार्थक फिल्मों की निर्माण की आवश्यकता है इससे समाज को सही दिशा मिलेगी चित्रपट झारखंड इसी दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। सिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों में भी फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। सिल्ली के भी युवा फिल्म निर्माण में रुचि ले रहे हैं। सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित किए जाने वाले फिल्म महोत्सव के माध्यम से राज्य के फिल्मकारों को झारखंड के गौरवशाली संस्कृति पर फिल्म निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। चित्रपट झारखंड की ओर से विष्णु गिरि ने फिल्म फेस्टिवल के आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी दी। पोस्टर के विमोचन के मौके पर रांची जिला परिषद की उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पूर्व मुखिया जगदीश चंद्र महतो, टुटकी पंचायत की मुखिया शर्मिला कुमारी, ब्रजेश प्रसाद एवं सिल्ली के कई स्कूलों के प्रधानाध्यापक व अन्य लोग मौजूद थे।



## ईद की खुशियां घरों पर दस्तक देने को तैयार

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अल्लाह की रहमत व बरकत वाला माह-ए-रमजान अब तीसरा असरा आने को है। ईद की खुशियां घरों पर दस्तक देने ही वाली हैं। इस त्योहार को लेकर बाजार सजने लगे हैं। ईद में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की दुकानें मौसमी कारोबारियों द्वारा सजाई जाने लगी हैं। इस कारण थोक व खुदरा कारोबार से जुड़े व्यापारियों की सक्रियता बढ़ गई है। स्थिति यह है कि मंडियों व थोक से खरीदारी कर अब खुदरा दुकानदार मोहल्लों में खुली दुकानों को सजाने लगे हैं। इन दिनों लच्छा व सेवई की मांग बढ़ गयी है।यूं तो रमजान माह आरंभ होते ही बाजारों में सेवई व लच्छे की डिमांड बढ़ जाती है। इसे ईद का खास पकवान माना जाता है। ऐसे में सेवई व लच्छा का बाजार सजने लगा है। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत प्रखंड के मुश्लिम बहुल इलाकों में दर्जनों लच्छा व सेवई की दुकानें खुल गई है।कारोबारियों की मानें तो रमजान व ईद में प्रखंड में लगभग 50 लाख रुपये से अधिक का कारोबार होगा। इसमें महीन सेवई सादी 100 से 150 रुपये प्रति किलो, मोटी सेवई 90 से 100 रुपये प्रति किलो, सादी महीन सेवई 24 से 28 रुपये पैकेट प्रति 150 ग्राम, मोटी सेवई 12 से 15 रुपये प्रति 100 ग्राम के पैकेट में, लच्छा रिफाइंड 140 से 180 रुपये तक, लच्छा सेवई उत्तम 150 से 250 रुपये प्रति किलो, बंगाली लच्छा 180 से 220 रुपये प्रति किलो तक की दर पर बाजार में उपलब्ध है। कारोबारियों की मानें तो रमजान से लेकर ईद की अवधि में मरकच्चो प्रखंड में लगभग 50 लाख रुपये के सेवई व लच्छा का व्यापार होने का अनुमान है।

## पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के हुंडरू जारा निवासी बसंत बेदिया 28 वर्ष की मौत मंगलवार की दोपहर में पेड़ से गिरकर हो गई।पेड़ से गिरने से गंभीर रूप से घायज बसंत को इलाज के लिए स्वर्णरिखा अस्पताल टाटीसिलवे ले जाया गया। जहां,चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बुटगोड़ा जंगल के बेल टूंगरी में हाथी का एक समूह डेरा डाले हुए है। हाथी को देखने बसंत जंगल गया था। हाथी को देखने के लिए वह पेड़ में चढ़ गया।इसी क्रम में वह फिसल कर पेड़ के नीचे आ गिरा। पेड़ के नीचे पत्थर था।जिससे बसंत को गंभीर चोट लगी। तत्काल समाजसेवी सोनु बेदिया ने घायल बसंत को लेकर अस्पताल पहुंचाया।इधर, एक अन्य घटना में अंबाटूंगरी का एक युवक महेंद्र बेदिया बाइक से गिर कर घायल हो गया। उसका दाहिना हाथ टूट गया है।

## 8 दिवसीय भागवत कथा के आयोजन को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राधे राधे गोविंद समिति और माहुरी वैश्य मंडल के तत्वावधान में 8 दिवसीय भगवत कथा का आयोजन श्री माहुरी भवन में शुभारम्भ हो गया है जो आगामी 18 अप्रैल तक किया जायेगा. आज प्रथम दिन को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसे निवर्तमान वार्ड पार्षद आशीष भदानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा में सबसे आगे ढोल नगाड़े के साथ बैनर लेकर कृपालु जी महाराज जी के दो भक्त चल रहे थे उसके पीछे ध्वज के साथ नीरज अठघरा और संतोष कप्सिमे थे उसके बाद सुसज्जित वाहन में दरबार लगाई गयी थी. इस यात्रा में कृपालु जी महाराज की कृपा प्राप्त प्रचरिका सुश्री प्रमेश्वरी देवी जी का सुसज्जित वाहन था. कर्यक्रम में आरती सुश्री परमेश्वरी देवी के साथ सभी भक्तों ने किया। 131 महिला कलश व सैकड़ो की संख्या में लोग ध्वज के साथ राधे राधे गोविंद के जयकार लगाते हुए चल रहे थे. यह कलश यात्रा श्री माहुरी भवन से निकल कर डॉक्टर गली ,स्टेशन रोड ,झंडा चौक होते हुए काली मंदिर के निकट से वापिस माहुरी भवन पहुँची. यात्रा के मार्गो में कई भक्तों के द्वारा शर्बत पानी की भी व्यवस्था की गई थी. विदित हो कि 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक भगवत कथा का आयोजन श्री माहुरी भवन में आयोजित है। कलश यात्रा में निम्नलिखित लोग सहयोगी के रूप में शामिल हुए जिसमें मुंन्ना भदानी , संजय तर्वे , सुरेश प्रसाद सेठ,राजेश काप्सिमे, विजय वैश्यखियार, दिलीप अठघरा, अरुण सेठ,सोनू पहाड़ी , भानु अठघरा , अंकित एकघरा, दयानंद पवनचौदह, अमन कप्सिमे,धर्मेन्द्र भगत, बीर गुप्ता,जयकांत जी, गौरी शंकर भगत, अरुण सिंह,कृष्णा अग्रवाल,बीना देवी,प्रीति भगत,अभिलाषा गुप्ता,प्रीति गुप्ता,गौरी गुप्ता, संजु कुमारी,रूबी ,ललिता भदानी,सरोज पवनचौदह,कुमकुम भदानी , सिमा आर्या, निशा कप्सिमे ,सिमरन,अंजली कुमारी सहित शहर के कई गणमान्य लोग के शामिल हुए.

## झामुमो नें जगरनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिलाध्यक्ष श्याम किशोर सिंह के आवास पर राज्य के दिवंगत मंत्री स्व- जगरनाथ महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया. ज्ञात हो कि शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार जगरनाथ महतो का निधन 6 अप्रैल 2023 को हो गया था। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ नें श्रद्धांजलि अर्पित किया और जगरनाथ महतो के वैचारिक और झारखंड के विकास कार्यों के प्रति किए गए कार्यों से प्रेरणा लिये। श्रद्धांजलि शोक सभा में जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह, जिला सचिव बीरेंद्र पाण्डेय, गोपाल यादव, श्यामदेव यादव समेत अन्य ने कहा कि मंत्री रहते उन्होंने पारा शिक्षकों को समस्या का समाधान किया और उनका मान-सम्मान भी बढ़ाया। मंत्री जी टाइगर नाम से झारखंड में मशहूर थे, वे गरीब, असहाय और वंचितों के लिए टाइगर की भांति सजग रहते थे। झारखंड कि विकास और उसके अस्मिता की लड़ाई प्रमुखता से लड़ते रहे। विषम परिस्थितियो में भी झारखंडवासियों के हित के लिए मजबूती के साथ खड़े रहते थे। श्रद्धांजलि शोक सभा में पार्टी के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य संजय पाण्डेय , जिला प्रवक्ता संजय साजन, जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव यादव, मो नौशाद, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी,राखी देवी, छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद प्रसाद बिहारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष चंद्रदेव यादव, कोडरमा प्रखंड सचिव उमेश यादव, मुखिया वीरेंद्र ,रामेश्वर यादव समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

# कांग्रेस पार्टी ने चलाया जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ओरमांझी प्रखंड के अंतर्गत ओरमांझी बाजार टांड़ में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार के नेतृत्व में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के समर्थन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध आवाज बुलंद किया गया। जिस प्रकार केंद्र सरकार के इशारे पर षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी के ऊपर मानहानि का झूठा मुकदमा कर 2 साल की सजा दिलवाने का काम किया गया। एवं तत्काल सांसद सदस्यता को रद्द किया गया। जिससे ऐसा प्रतीत होता है नरेंद्र मोदी सरकार लोकतंत्र के हत्या कर रही है। पूरे देश की जनताओ ने इस बात को जान चुकी है, जिसका जवाब आने वाला लोकसभा चुनाव 2024 में भारत के जनता जवाब देगी। नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र में बनी है सबसे भारत देश की 1 अरब 40 करोड़ जनता महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार से त्राहिमाम कर रही है। सत्याग्रह कार्यक्रम में ओरमांझी बाजार मे सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं नेताओं के द्वारा जन जागरण अभियान चलाया गया। केंद्र सरकार के विरुद्ध एवं नरेंद्र मोदी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया गया। साथ ही तत्काल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता रमेश उरांव जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी, के महासचिव सुरेश प्रसाद साहू, महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, सुंदरी तिर्की विधायक प्रतिनिधि प्रोफ़ेसर प्रेम नाथ मुंडा, हरिमोहन महतो, रशीद अंसारी, रहीम अंसारी, अब्दुस सलाम, अमाल खान, रवि साहू के अलावा सैकड़ों की संख्या में शामिल थे।




# महात्मा ज्योति राव फूले का जन्म दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** अंबेडकर पार्क डकरा में महात्मा ज्योति राव फूले का जन्म दिवस सादे समारोह के साथ मनाया गया. समारोह का अध्यक्षता मिथिलेश पासवान ने किया. इस कार्यक्रम में महात्मा ज्योति राव फूले के चित्र पर उपस्थित सदस्यों ने उनके विचार को सबके सामने रखा. महात्मा जी के जीवनी व विचार पर उनके बताए हुए आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया. मौके पर मिथिलेश पासवान, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, भावेश वर्मा, अजय पासवान, रामू सतनामी, महेंद्र उरांव, दिलीप पासवान, रामदेव राम, अमर लाल सतनामी, सुखराम सेठ, ध्वजा राम धोबी, भजो राम सतनामी ,रामा उरांव, पंकज प्रसाद, रविंद्र बैठा,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.



# सचिवालय घेराव कार्यक्रम ऐतिहासिक : विनय महतो धीरज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** हेमंत सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा उक्त बातें भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कही। श्री महतो ने दावा किया कि पूरे राज्य भर से लाखों की संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।श्री महतो ने प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज की घटना की निंदा करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह और भीड़ से बौखलाई राज्य सरकार ने निर्दोष और निहत्थे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया। कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से सचिवालय की ओर बढ़ रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता। सरकार प्रशासन के सहयोग से भाजपा कार्यकर्ताओं को लाठी और गोलियों से दबाने का प्रयास कर रही है लेकिन भाजपा कार्यकर्ता लाठी गोली से डरने वाले नहीं हैं।2024 में राज्य की जनता इसका जवाब देगी। उक्त कार्यक्रम में सिल्ली विधानसभा के सभी मंडलों से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।




# सरहुल मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के ग्राम उलीडीह महुआ बगान में हातु सोतो संगोम समिति के द्वारा सरहुल मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से विभिन्न नाच दलों ने पना आदिवासी संस्कृति काला प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री राजेश कच्छप ने कहा कि हम सभी को झारखंड की संस्कृति को बचाए रखना है। अपनी संस्कृति को बचायेगे तब हम झारखण्ड को बचा पायेंगे।

विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य श्रीमती रीता होरो, जिप सदस्य विपिन टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकडा ,मुखिया श्रीमती सरस्वती देवी रामपुर पंचायत, मुखिया नन्हे कच्छप हाहाप पंचायत , मुखिया विवेक मुंडा हुवांगहातु पंचायत, मुखिया कार्मेला कच्छप खिजरी पंचायत,समिति के अध्यक्ष मदन टुटी, उपाध्यक्ष सुनुराम मुंडा, ग्राम प्रधान संदीप संडिल, मुख्य संरक्षक सिलास टुटी, प्रदीप तिर्की,सोमरा मुंडा, एतवा संडिल, विकास मुंडा उत्तम गोप, रमेश मुंडा, एवं अन्य जनप्रतिनिधि, और सरना पुजारी पाहन , सामाजिक बुध्दिजीवि लोगों की उपस्थिति हुए।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/04/2023-24

**डी0एम0एफ0टी0 मद** अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पत्थलगड़ा | मेराल | ग्राम–खैरा में प्रदीप ठाकुर के घर से जेहरा सिमाना होकर मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2496300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 02 | पत्थलगड़ा | मेराल | ग्राम–खैरा में घुटारी मोची के घर से जेहरा सिमाना बाजार टांड होते हुए पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1751000.00 | 35500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 03 | पत्थलगड़ा | मेराल | ग्राम–मेरगड़ा में नदी से लेकर बस्ती होते हुए चबूतरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4754000.00 | 95500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 04 | पत्थलगड़ा | नोनगांव | ग्राम–बनवारा मुख्य पथ से हॉस्पिटल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2393800.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 05 | पत्थलगड़ा | नोनगांव | ग्राम–नोनगांव मुख्य पथ से बालेश्वर राणा के घर तक पी0सी0सी0 | 1932100.00 | 38700.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 06 | पत्थलगड़ा | नोनगांव | ग्राम–कोराम्बे मुख्य पथ से कौलेश्वर गंझू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4131000.00 | 82700.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 07 | पत्थलगड़ा | नोनगांव | ग्राम–सिरकोल मुख्य पथ से महेन्द्र ठाकुर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3167600.00 | 63500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 08 | पत्थलगड़ा | सिंघानी | ग्राम–पत्थलगड़ा मिलन चौक से छठ घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4678600.00 | 93600.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 09 | पत्थलगड़ा | नावाडीह डमौल | ग्राम–नावाडीह मुख्य पथ से छठ घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1916700.00 | 38500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 10 | पत्थलगड़ा | नावाडीह डमौल | ग्राम–नावाडीह नदी पोखर पर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2937100.00 | 58800.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 11 | पत्थलगड़ा | नावाडीह डमौल | ग्राम–नावाडीह जग्रनाथी मुख्य पथ से बजरंगबली मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3493700.00 | 69900.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 12 | पत्थलगड़ा | नावाडीह डमौल | ग्राम–नावाडीह मुख्य पथ से मोनशेरवा मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3088200.00 | 61800.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 13 | पत्थलगड़ा | बरवाडीह | ग्राम–कुब्बा से मेन रोड से कौलेश्वरी मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2187000.00 | 43800.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 14 | पत्थलगड़ा | बरवाडीह | ग्राम–बरवाडीह टोला सीतलपुर में कन्हाई राम के घर से बिरहोर टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1458100.00 | 29200.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 15 | पत्थलगड़ा | बरवाडीह | ग्राम–बरवाडीह में थाना से धिगर भुईयां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3118800.00 | 62500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 16 | पत्थलगड़ा | बरवाडीह | ग्राम–बरवाडीह में खावा नदी से श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलिया निर्माण। | 3916900.00 | 78500.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **20.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – **27.04.2023** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय **28.04.2023** के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **29.04.2023** के अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 294739 Rural Development(23-24)#D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ................................../ दिनांक ............................ /

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 01/2023–24**

1.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2.परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 25.04.2023 को 1.00 बजे अपराह्न् तक ।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.04.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.04.2023 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6.निविदा प्राप्ति का स्थान :–क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7.कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of water tank under Nagar Panchayat Koderma ward No.02 in Fire Brigade Office Campus at Koderma Dist | 4,05,000.00 | 750.00 | 8500.00 | 2 माह |
| 2 | Construction of Boundary wall of +2 High School Dhab at Chandwara Block Koderma Dist. | 22,93,535.00 | 5000.00 | 46000.00 | 3 माह |
| 3 | Repair of Two Rooms in Upgraded Middle School (UMS) Nagarkhara, Block Koderma, Dist Koderma | 3,89,500.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 माह |
| 4 | Installation of Deep Boring in Fish Feed Mill Campus at Urwa Block- Chandwara, Dist-Koderma | 2,60,700.00 | 750.00 | 6000.00 | 20 दिन |
| 5 | Repair of District Fishery Office Building with Sanitary and Electrical work at Koderma District | 20,21,400.00 | 5000.00 | 41000.00 | 3 माह |
| 6 | Construction of Boundary wall and Gate of Upgraded High School Tilokari at Jainagar Block, Koderma Dist | 19,56,723.00 | 5000.00 | 40000.00 | 3 माह |
| 7 | Repair of Four Room's in +2 High School Latbedhwa at Jainagar Block, Dist-Koderma | 10,52,446.00 | 2500.00 | 22000.00 | 2 माह |
| 8 | Deep Boring in RMMM+2 High School Chandwara at Koderma Dist. | 2,69,795.00 | 750.00 | 6000.00 | 1 माह |
| 9 | Repair of 5 Rooms of Upgraded High School Bagro at Block- Domchanch, Dist-Koderma | 7,93,210.00 | 1250.00 | 14000.00 | 2 माह |
| 10 | Construction of Four Additional Class Room (ACR) in Upgraded High School Gajhandi, Block-Koderma, Dist-Koderma | 36,68,800.00 | 5000.00 | 74000.00 | 6 माह |
| 11 | Construction of Platform cum Prayer Stage in Campus of Upgraded High School Behradih at Domchanch Block | 6,60,950.00 | 1250.00 | 14000.00 | 2 माह |
| 12 | Construction of Boundary wall for Ambadih School at Markacho Block, Koderma Dist. | 24,99,450.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 माह |
| 13 | Construction of Boundary wall and Main Gate of Upgraded High School Bendi at Chandwara Block, Koderma Dist. | 11,46,051.00 | 2500.00 | 24000.00 | 3 माह |
| 14 | Construction of Boundary wall and Main Gate of Upgraded High School Jaipur Kanko at Jainagar Block, Koderma Dist. | 24,97,756.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 माह |
| 15 | Construction of Boundary wall and Main Gate of Upgraded High School Bachhedih at Domchanch Block, Koderma Dist. | 23,61,388.00 | 5000.00 | 48000.00 | 3 माह |
| 16 | Construction of Boundary wall of Jamukhari Anganwari and Upgraded Primary School Jamukhari at Chandwara Block- Koderma Dist. | 7,93,000.00 | 1250.00 | 16000.00 | 2 माह |

निविदा की शर्ते को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR294928 (Building)23-24*D

## साकची पेन्नार रोड में खुला सेनको का दूसरा शोरुम

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने साकची पेन्नार रोड में एक नए शोरूम के शुभारंभ के साथ झारखंड में अपने विस्तार की घोषणा की। इस नए जुड़ाव के साथ सेनको के अब जमशेदपुर में दो और राज्य में छह शोरूम हो गए हैं। कोलकाता में मुख्यालय वाले सेनको गोल्ड के वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर 13 राज्यों में फैले कुल 136 शोरूम हैं। साकची का नया शोरूम लगभग 3000 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसमें सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के शानदार रूप से डिजाइन किए गए आभूषण संग्रह की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी।



## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले युवक पर दर्ज हुआ एफआईआर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले एक युवक पर कदमा थाना आज एक एफआईआर दर्ज हुआ है। कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर में आसामाजिक तत्वों द्वारा उत्पन्न की गई विधि व्यवस्था की समस्या के बीच जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। किसी भी तरह से संवेदनशील वीडियो फोटो या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित/प्रचारित नहीं किये जायें इसपर 24×7 पैनी नजर थी। आपत्तिजनक सामग्री के प्रचारित/प्रसारित करने को लेकर कुछ लोगों पर कार्रवाई भी की गई है। इसी तरह के एक मामले में उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के आदेशानुसार सोशल मीडिया फेसबुक पर एक विशेष धर्म/समुदाय के प्रति आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने को लेकर उबैद अख्तर नामक युवक पर एफआईआर दर्ज किया गया है। उबैद अख्तर पर एक धर्म विशेष के लोगों को भडकाने एवं सामाजिक विद्वेष फैलाने को लेकर कदमा थाना में केस नं- 56/23 में धारा 295 ए के तहत एफआईआर कार्यपालक दण्डाधिकारी निशा कुमारी द्वारा कराया गया है। जिला प्रशासन का सभी जिलेवासियों से अपील है कि किसी भी प्रकार से समाज में विद्वेष या तनाव उत्पन्न करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को प्रचारित / प्रसारित नहीं करें, अन्यथा ऐसा करते हुए पाए जाने पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## भाषा खतियान संघर्ष समिति का रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रहित



**पटमद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती महुलबना पंचायत भवन में मंगलवार को पहली बार झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न गांवों से पहुंचे 50 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्रों में एक मिसाल पेश किया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से विश्वनाथ महतो, प्रबोद महतो, मनोज कुमार महतो, गुरुपद मांडी, स्वपन कुमार, बंकबिहारी मांडी, चंदन महतो, दिवाकर टुडू, जामिनि बेसरा, खगेन सिंह, माणिक बेसरा, फुलचांद महतो, निर्मल महतो, संतोष महतो, सुधांशु महतो, संजय कु0 महतो, अश्विनी महतो, प्रफुल्ल महतो, अमित महतो, सुजीत महतो, मनोज महतो, असित महतो, बिजय महतो, हिमांशु महतो, राजीव महतो, स्वपन कुमार महतो, उत्पल प्रमाणिक, दीपक प्रमाणिक आदि का सराहनीय योगदान रहा ।

## उर्दू के प्रसिद्ध लेखक अमन ज़की अनवर के शहादत दिवस मनाया गया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उर्दू के प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता ज़की अनवर का शहादत दिवस आज मानगो के एम एस इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में मनाया गया। ज़की अनवर शहर के उन चंद साहित्यकारों में से हैं जिन्होंने न सिर्फ़ अपनी रचनाओं से समाज को अमन का पैग़ाम दिया बल्कि ज़मीन पर उतर कर नफ़रत के आगे शांति और प्रेम की दीवार बन कर खड़े रहे और एक सुंदर और शांतिप्रिय समाज के निर्माण के लिए अपना बलिदान दिया। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर खालिद इकबाल, ज़की अनवर के बेटे अनवर नाजिश, आमिर फिरदोसी, फैयाज़ अहमद, प्रोफ़ेसर जावेद अख्तर अंसारी, डॉक्टर ज़ाहिद तहसीन, मोहम्मद नदीम और बहुत सारे लोग उपस्थित थे।



## दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो : फजल खान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता सह महासचिव फ़ज़्ल खान ने कदमा में साम्प्रदायिक दंगों की निंदा की और दोषियों पर कड़ी करवाई की मांग करते हुए कहा के जमशेदपुर को अशांत करने की कुछ लोगों ने साजिश की थी जिसे ज़िला प्रशासन ने विफल कर दिया है,प्रशासन ने सूझ बूझ से जमशेदपुर शहर को जलने से बचा लिया है जिसके लिए उपायुक्त महोदया एवं शहर के पुलिस कप्तान और जिला प्रशासन बधाई के पात्र हैं। खान ने दंगा पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की मांग उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम से की है। कहा, कुछ कट्टरवादी संगठन लगातार राज्य के अमन चैन को खराब करने एवं झारखंड की लोकप्रिय सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे है। मैं माननीय मुख्यमंत्री से ऐसे षड्यंत्र करने वालो के विरूद्ध उच्चस्तरीय जांच कराने एवं कठोर सजा दिलाने की मांग करता हूँ।



# उपायुक्त ने किया आईटीडीए कार्यालय का औचक निरीक्षण

## ड्यूटी से गायब कर्मियों पर जताई नाराजगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त विजया जाधव ने आईटीडीए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की दैनिक उपस्थिति बायोमीट्रिक से बन रही है या नहीं इसकी जानकारी ली। कुछ कर्मचारी मौके से गायब पाये गए जिसपर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए ड्यूटी ऑवर में अनिवार्य रूप से कार्यालय में ही रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त द्वारा लंबे समय से आईटीडीए कार्यालय में जमे कुछ कर्मचारियों का स्थानांतरण भी दूसरे विभागों में किया गया है। उपायुक्त द्वारा आईटीडीए अंतर्गत संचालित आधारभूत संरचना निर्माण एवं कल्याण के योजनाओं की समीक्षा की गई । एससी-एसटी हॉस्टल जीर्णोद्धार क्यों नहीं हुआ, राशि खाते में क्यों पड़ी है इसपर कार्यपालक अभियंता से जानकारी मांगी। प्री मैट्रिक, पोस्टमैट्रिक, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान), मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा आवास निर्माण योजना, पीवीटीजी ग्राम उत्थान योजना, धुमकड़िया भवन निर्माण योजना, कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों/ छात्रावासों की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत (स्पेशल सेन्ट्रल असिस्टेंस टू ट्राइबल सब प्लान) योजना इत्यादि की विस्तार से समीक्षा कर योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, कार्यापालक अभियंता श्री राजेश रजक, आर. के मुरारी उपस्थित थे।



## जुगसलाई ईदगाह के समीप झामुमो का दावत ए इफ्तार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को जेएमएम जुगसलाई कमेटी के द्वारा जुगसलाई ईदगाह के समीप एक मैरिज हॉल में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमे जुगसालाई समेत शहर के रोजेदारों के साथ प्रदेश, समाज और देश में अमन-चैन, शांति एवं भाईचारा का माहौल कायम होने की दुआ हुआ। दावते इफ्तार में मुख्य रूप से जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, झामुमो नेता हिदायत खान, सरदार शैलेंद्र सिंह, लालतू महतो, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद जमील, श्यामू मलिक, मनोहर हुसैन, शमशेर आलम, मुकेश शर्मा, तस्लीम, तफसीर ,अब्दुल कादिर, सिमरन भाटिया और काफी संख्या में रोजेदार और सभी धर्मों के लोग उपस्थित हुए।

## वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन राशि बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्ध, विधवा एवं स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन पेंशन को दो हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने एवं सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 4 लाख रुपए सहायता राशि दिए जाने की मांग को लेकर आदित्यपुर विकास समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नप के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन गम्हरिया अंचलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में पुरेंद्र नारायण सिंह के अलावे अर्जुन प्रसाद यादव, रामानंद भक्ता, पूर्व पार्षद धनंजय गुप्ता, श्याम सुंदर मालाकार, रामेश्वर सिंह यादव, कार्तिक चंद्र साहू, गोपाल साहू, सुचिता बारिक, पूर्व पार्षद संदीप साहू, एसएन यादव, देव प्रकाश, मुकेश झा, मोहम्मद खालिद, राजू रजक, इंदल सिंह, रामचंद्र पासवान, अवधेश कुमार, प्रमोद गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद सिंह, पीके झा, मुकेश गिरी, दिलीप मंडल, मिथिलेश झा, राकेश कुमार, विनोद कुमार, भूपेंद्र सिंह समेत कई लोग शामिल थे।



### छौ नृत्य दल के संचालक व आजसू कार्यकर्ता कामदेव प्रमाणिक का प्रतिमा अनावरण

## छौ नृत्य के संरक्षण के प्रति सरकार गंभीर नहीं : हरेलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह/चांडिल :** नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी में छौ नृत्य दल के संचालक एवं आजसू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता स्वर्गीय कामदेव प्रमाणिक के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा स्थापित किया गया। आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने स्वर्गीय कामदेव प्रमाणिक के प्रतिमा का अनावरण किया तथा श्रद्धांजलि दी। मौके पर हरेलाल महतो ने कहा कि कामदेव प्रमाणिक आजसू के समर्पित कार्यकर्ता थे। दो साल पहले ही पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया था और संगठन के प्रति समर्पित होकर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कामदेव प्रमाणिक के आकस्मिक निधन से आजसू को क्षति पहुंची है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य पद्दोलोचन महतो, शलावत महतो, बिजय महतो, सत्यवान महतो, शिवचरण महतो, प्रशांत सिंह आदित्यदेव, कार्तिक महतो, शरत महतो, लालटू प्रमाणिक, दुर्गाचरण प्रमाणिक, जागरू प्रमाणिक, सुबोध चंद्र महतो, दुखु महतो आदि मौजूद थे।



## शहर में शांति कायम करने में जिला प्रशासन व शहर के शांतिप्रिय लोगों को बधाई : सुधीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर शहर का माहौल बिगाड़ने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों ने साजिश के तहत कदमा शास्त्री नगर और रानीकुदर क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण को भंग कर अशांति फैलाने का प्रयास किया। हिंसक झड़प में दोनों समुदाय के लोग मामूली रुप से चोटिल हुए। असामाजिक तत्वों ने पथराव किया जिस कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में उपायुक्त और एसएसपी ने खुद मोर्चा संभाला भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई उसके बाद माहौल नियंत्रण में आया। उन्होंने कहा कि साजिश को अंजाम देने के लिए दो-तीन दिन पहले से बैठक की जा रही थी। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा शांति का माहौल कायम करने में जिला प्रशासन और शहर के शांतिप्रिय लोगों को बधाई। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा और विधानसभा चुनाव निकट आ रहा है वैसे वैसे सामाजिक सद्भावना को बिगाड़ने के लिए कुछ लोग साजिश कर रहे हैं यह साजिश गैर भाजपा शासित प्रदेशों में देखने को मिल रही है। ऐसा महसूस होता है चुनाव जीतने के लिए और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए यह सब साजिश की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि कदमा मामले की जांच करवा कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।



## जिला अंतर्गत सरकारी उपक्रमों के संचालन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** परिसदन जमशेदपुर के सभागार में झारखंड विधान सभा की सरकारी उपक्रम संबंधी समिति के सभापति-सह-सदस्य झा.वि.स. सरयू राय की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत सरकारी उपक्रमों के संचालन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उपरांत समिति के सभापति द्वारा बताया गया कि समिति के भ्रमण का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित 31 कॉर्पोरेशन की विभिन्न जिलों में संपादित गतिविधियों का आकलन करना है। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला अंतर्गत मौजूद कॉरपोरेशन के नियमानुसार संचालन व इससे सरकार को कुछ फायदा हो रहा या नहीं, जनता को होने वाले फायदे आदि की समीक्षा किया गया है। उक्त बैठक में निदेशक डीआरडीए श्री सौरभ सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रजंन, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री राजेश पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, डीएसपी बीरेंद्र राम तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी व विभिन्न उपकर्मो के प्रतिनिधि जिनमें खनिज विकास निगम, जेटीडीसी, वन विकास निगम, भवन निगम, विद्युत वितरण निगम आदि उपस्थित थे।



## सप्ताहिक जनता दरबार में आये फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अरवा राजकमल साप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये फरियादियों से आवेदन के माध्यम उनकी समस्याओं से अवगत हुए। सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं राशन एवं पेंशन से सम्बन्धित कई मामलो का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। अन्य मामलों के जांचोपरांत त्वरित निष्पादन के निर्देश सहित सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित किया गया। आज आयोजित जनता दरबार में भूमि, पेयजल, स्वास्थ्य विभाग, विद्यालय सम्बन्धित एवं छात्रवृत्ति योजना से संबंधित सहित अन्य मामले लेकर फरियादी पहुंचे थे।

## ग्राम उन्नयन मिशन स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र स्थित सुधापुर स्थित ग्राम उन्नयन मिशन स्कूल का पंचम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका संध्या प्रधान तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सुंडी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सनत मंडल, पूर्व मुखिया जवाहरलाल महाली आदि उपस्थित थे। विद्यालय के संस्थापक सुमित रंजन दास और झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर विभिन्न कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, संगीत के माध्यम से झारखंड की कला संस्कृति को दर्शाया गया। इस मौके पर बेस्ट ऑफ द स्टूडेंट ऑफ द ईयर खुशी कुमारी को तथा वेस्ट पेरेंट्स ऑफ द ईयर मिस्टर एंड मिसेज निरंजन सिंह सरदार को प्रदान किया गया। इस मौके पर बुरुडीह पंचायत की मुखिया संगीता टूडू, कार्तिक मंडल, तपन कुमार दास, बावरी कुमार, ग्राम प्रधान साधन चंद्र महतो, अमित रंजन दास, देव महापात्रा, कार्तिक मंडल बृहस्पति मंडल,जेएन प्रमाणिक, समेत विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व कई अभिभावक उपस्थित थे।



## डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, फर्स्ट वॉइस गवर्नर व सेकंड वाइस गवर्नर का चुनाव संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** डिस्ट्रिक्ट 322 ए का दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस जमशेदपुर के वेव इंटरनेशनल होटल में संपन्न हुआ. जिसमें 400 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया । इस समय जिला 322 ए में 92 क्लब है और सभी क्लबों ने इसमें पार्टिसिपेट किया। कॉन्फ्रेंस में आगामी आने वाले डिस्ट्रिक्ट गवर्नर फर्स्ट वॉइस गवर्नर सेकंड वाइस गवर्नर का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे कमल जैन 23-24 के गवर्नर के रूप में मनोनीत हुए और जमशेदपुर की समाजसेवी सीमा बाजपेई फर्स्ट वाइस गवर्नर के रूप में एवं डाल्टनगंज के संजय सेकंड वाइस गवर्नर के रूप में मनोनीत हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर विष्णु बाजोरिया और विशिष्ट अतिथि शिशिर धमीजा थे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में मुंबई से मोटिवेशनल स्पीकर राजीव पुरी भी आए थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विवेक चौधरी जी कॉन्फ्रेंस चेयरमैन राहुल वर्मा एवं डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न पदाधिकारियों का विशिष्ट योगदान रहा।



## झारखंड में पहली बार मृत मनरेगा मजदूर के आश्रितों को मिला 2 लाख का अनुदान

**अरुण कुमार मांझी**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव निवासी सीताराम प्रामाणिक को उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। पहले मनरेगा मजदूर की अप्राकृतिक मृत्यु पर 1 लाख मुआवजा दिया जाता था,जो सरकार द्वारा बढ़ाकर 2 लाख किया गया। बताया जा रहा है कि झारखंड में ये पहला मौका है जब किसी के मृत्यु पर बढ़ा हुआ 2 लाख राशि का भूगतान किया गया। मालूम हो कि करीब डेढ़ माह पूर्व सिल्ली रांगामाटी सड़क पर बड़ा चुनचुड़ीया के पास एक अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से डुमरा गांव के एक ही परिवार के तीन महिला सहित 5 लोगों की मौत हो गई थी एवं अन्य 10लोग गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसमें मृतिका अलका देवी मनरेगा मजदूर थी। उप विकास आयुक्त श्री गागराई ने बताया कि डुमरा गांव के मनरेगा मजदूर अलका देवी की सड़क हादसे में मौत हो जाने पर बहुत कम समय में उसके पति सीताराम प्रामाणिक को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि किसी मनरेगा मजदूर को बढ़े हुए राशि का भूगतान झारखंड राज्य में यह पहली कैश राशि है। सामाजिक सुरक्षा के तहत मनरेगा श्रमिकों को वित्तीय वर्ष में कम से कम 15 दिन मजदूरी करने पर झारखंड सरकार द्वारा अप्राकृतिक मृत्यु पर अनुग्रह अनुदान राशि दो लाख रुपए, सामान्य मृत्यु पर 1 लाख रुपए, मनरेगा डोभा में मृत्यु पर 1 लाख रुपए दुर्घटना में आंशिक रूप से बिकलांग होने पर 75 हजार रुपए देने का प्रावधान है। उन्होंने मनरेगा श्रमिकों को इसका लाभ लेने का अपिल भी किया। मौके पर एपीओ सरिता ओड़ीया, ईचागढ़ बीपीओ निपेन कुमार प्रधान आदि उपस्थित थे।



### अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की भक्ति-प्रेम ने शहर के पप्पू सरदार को दिलायी अंतरराष्ट्रीय पहचान

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पुस्तक डिवोशनल फैंस स्कैप्स में मिली जगह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के प्रशंसक के रूप में शहर में अपनी पहचान बना चुके साकची काशीडीह के रहने वाले पप्पू सरदार द्वारा माधुरी दीक्षित के नाम पर किये जा रहे सामाजिक गतिविधियां उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय पहचान पर ले गई हैं। पिछले 27 सालों से चाहे समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हो या माधुरी दीक्षित के प्रति उनकी भक्ति या विकलांग व्यक्तियों के साथ उनके भावनात्मक जुड़ाव के लिए पप्पू को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नयी पहचान मिली हैं। पप्पू सरदार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पुस्तक डिवोशनल फैंस स्कैप्स में प्रमुखता से जगह मिली है. पुस्तक की ऑथर ख्याति प्राप्त लेखिका शालिनी कक्कड़ है। इस पुस्तक में बताया गया है की कैसे कोई फैन दिवानगी की हद पार करके अपने रोल मॉडल को देवता तक का स्थान दे देता है। नवीनतम संस्करण डिवोशनल फैंस स्कैप्स कें अध्याय तीन और चार माधुरी दीक्षित और पप्पू सरदार की भक्ति-प्रेम तथा देवी की तरह पूजा करने को समर्पित हैं।




**1996 से अबतक माधुरी दीक्षित का जन्मदिन मना रहें है पप्पू:** इस संबंध में पप्पू सरदार ने जमशेदपुर की जनता खासकर मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि आज जो भी अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली हैं उसका सारा श्रेय मीडिया को जाता हैं। मीडिया 27 सालों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो को प्रकाशित करते रहा हैं। अगर मीडिया का पूरा सहयोग नहीं मिलता तो शायद भीड़ में खो जाते और कोई पहचान नहीं मिलती। मालूम हो कि माधुरी दीक्षित को अपनी बड़ी बहन मनाने वाला पप्पू सरदार 1996 से उसका जन्मदिन धूमधाम से मनाते आ रहा हैं।

**पुस्तक दुनिया के 29 अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुस्तकालयों में उपलब्ध**

यह भक्तिपूर्ण प्रशंसक संस्करण (डिवोशनल फैंस स्कैप्स) दुनिया भर में 29 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध पुस्तकालयों में उपलब्ध हैं जिनमें हार्वर्ड, प्रिंसटन, स्टैनफोर्ड, जॉन हॉपकिंस, एमोरी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ (यूनिवर्सिटी ऑफ) कैलिफोर्निया, बर्कले, लॉस एंजिल्स, इरविन, डेविस, सांता बारबरा, मेरेड, शामिल हैं। मिशिगन और पेंसिल्वेनिया, लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस, वाशिंगटन, मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय, टेनेसी विश्वविद्यालय, फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी, इलिनोइस विश्वविद्यालय, शिकागो, नॉट्रेडम विश्वविद्यालय, ब्रिघम यंग यूनिवर्सिटी, यूटा, न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी, गैल्वेस्टन कॉलेज लाइब्रेरी, टीएक्स, ब्रिटिश लाइब्रेरी, लंदन, टोरंटो विश्वविद्यालय, ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय, साइमन फ्रेजर विश्वविद्यालय, मैनिटोबा विश्वविद्यालय और गुलेफ़ विश्वविद्यालय, ओंटारियो (सभी कनाडा में) और लीडेन विश्वविद्यालय पुस्तकालय, नीदरलैंड।

## सीढ़ी से गिरकर आठ वर्षीय बच्चा घायल, रिम्स रेफर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शिबला ग्राम में सोमवार देर शाम सीढ़ी से गिर कर एक 8 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो0 इरशाद 8 वर्ष पिता मोहम्मद सुहैल ग्राम शिमला थाना बारियातू निवासी घर में शिरडी के पास चल रहा था जहां से पैर फिसलने के कारण वह सीढ़ी से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद परिजनों के सहयोग से बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## बिजली तार जोड़ने के क्रम में करंट लगने से महिला घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित रहमत नगर में सोमवार देर शाम बिजली का तार जोड़ने के क्रम में करंट लगने से एक महिला घायल हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीरा खातून 38 वर्ष पति कौशर अंसारी रहमत नगर थाना बालूमाथ निवासी आपने घर में बिजली का तार जोड़ रही थी ।इसी दौरान नंगे तार में स्पर्श हो जाने के कारण करंट लगने से महिला घायल हो गई ।घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

## अनियंत्रित ऑल्टो कार ने महिला को मारी टक्कर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला ग्राम में सोमवार की देर शाम लगभग 7:30 बजे एक अनियंत्रित अल्टो कार ने सडक पार कर रही महिला को टक्कर मार दी ।जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुनीता देवी 40 वर्ष पति वीरेंद्र साव ग्राम टमटमटोला थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के बाहर चापानल से पानी भरकर वापस लौट रही थी ।इसी दौरान एक अनियंत्रित अल्टो कार ने टक्कर मार दिया ।जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई ।स्थानीय लोगों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार की देखरेख में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया ।वहीं बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## बिपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन पेक्सा टीम बनी विजेता

**गिद्धौर( भुपेन्द्र पान्डेय@प्रभात मंत्र) :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी में



स्थित बेलगाछ समीप चल रहे 7 अप्रैल से बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार 10 अप्रैल को मैच का फाइनल मुकाबला खेला गया। जहां फैनल में उतरी टिम पेक्सा इंडियंस तथा कुरकुटा रॉयल चैलेंजर के बीच खेला गया। जो कि पेक्सा इंडियंस ने कुरकुटा रवेल्स चलेंजर को 39 रनों से हराया। तथा मैन ऑफ द सीरीज के लिए जगदेव दांगी को चयन किया गया। और मैन ऑफ द मैच का सिरीज़ महेश दांगी को दिया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आभा देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती के समक्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन किया गया।मौके पर उपस्थित गणमान्य प्रतिनिधि एवं खिलाड़ियों तथा दर्शक उपस्थित थे।

## महुआडांड़ रामपुर चौक के पास चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**महुआडांड़(लातेहार) :** वाहन चेकिंग अभियान के तहत लातेहार एसपी अंजनी अंजन और डीटीओ लातेहार के निर्देश पर महुआडांड़ रामपुर चौक पर मजिस्ट्रेट के तौर पर उपस्थित कनिय अभियंता आशीष कुमार पु0अनी कमर आलम और जिला परिवहन विभाग से आए टेक्निकल ऑपरेटर रजनीकांत पांडे के द्वारा सभी तरह की वाहनों के कागजात समेत सीट बेल्ट, इंसुरेंस, ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट की जांच की गई। इस दौरान दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया और तुरंत चालान कर जुर्माना वसूल किया गया। खबर लिखे जाने तक ?27000 लगभग जुर्माना वसूल किया गया। इस अभियान में जिला पुलिस बल और आईआरबी के जवान शामिल थे।

# पानी के लिए तरस रहे हैं उत्क्रमित चिकनी टोला के बच्चे



**सतीश गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत ओरसा पंचायत के चिकनी टोला लंबे समय से विभागीय उदासीनता का दंश झेल रहा है। एक और जहां पहले से ही यहां के लोगों में विकास नहीं हुआ है लगभग 60 से 65 घरों का यह गांव अभी भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर घर को छत दिया जा रहा है, वही इस गांव में इक्के दुक्के घरों को छोड़ दिया जाए तो सभी घर मिट्टी व खपड़ेल ही मिलेंगे। गांव की एक 70 वर्षीय वृद्धा बत्रसिया तिर्की ने बताया की मेरे जैसे और भी बुजुर्ग है जिन्हें वृद्धा पेंशन नहीं मिलता है कुछ दिव्यांग भी यह है उन्हें भी पेंशन नहीं मिलता है इसके लिए कई बार आवेदन हम लोगों के द्वारा दिया गया है। मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए भी इस गांव में कोई सड़क नहीं है। इस गांव से कुछ ही लोगों को वृद्धा पेंशन का लाभ मिल पा रहा है। यहां के स्थानीय बच्चों के लिए सिर्फ एक विद्यालय है वहां भी बच्चे अपनी मजबूरी और सरकार की उदासीनता का दंश झेल रहे हैं। गांव में सिर्फ एक प्राथमिक विद्यालय है जहां 35 बच्चों को पढ़ाने प्रतिदिन 3 शिक्षक आते हैं। 2003 में इस विद्यालय की स्थापना हुई थी लेकिन तब से अभी तक 20 वर्षों में इस विद्यालय में पानी की व्यवस्था नहीं की गई । बच्चे अपने घरों से बोतल में पानी भर कर पढ़ाई करने आते हैं और जब उनके बोतल का पानी खत्म हो जाता है तो वे नदी का दूषित जल पीने पर मजबूर हो जाते हैं। विद्यालय के बगल में ही एक छोटा नाला है जिसके पास चुआरी खोदकर वहां का पानी यह बच्चे पीते भी है और वही अपना बर्तन भी साफ करते हैं। विद्यालय का खाना भी इसी दूषित जल से बनाया जाता है और गंदे बर्तन भी वही धोए जाते हैं। विद्यालय में बच्चों की कम संख्या को देखकर शिक्षकों से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया की अक्सर यहां बच्चे अक्सर बीमारी के कारण विद्यालय नहीं आ पाते हैं निरीक्षण के दौरान भी एक बच्चे के पेट में दर्द होने के कारण उसे छुट्टी देकर घर भेजा गया। इसके संबंध में विद्यालय के शिक्षक को ने बताया कि इस संबंध में कई बार विभाग को कहा गया है लेकिन अभी तक इस संबंध में सुधार की कोई पहल नहीं की गई है।

### भयावह आग की चपेट में धूं-धूं कर जल रहा पीरी वन क्षेत्र

## नींद में सोए हैं वन क्षेत्र पदाधिकारी व कर्मी



**मोकिम अंसारी@प्रभात मंत्र**

**सिमरिया :** प्रखंड के पीरी वन क्षेत्र के वन क्षेत्र इन दिनों बुरी तरह से आग की आगोश में धु धु कर जल रहा है। आग की चपेट में आने से वन की बेशकीमती लकड़ियां व पेड़ पौधे जल कर नष्ट हो रहे हैं और जीवजंतु त्राहिमाम कर रहे हैं। कई जंगली जानवर आग में झुलस कर घायल होने के कारण वनों को छोड़ कर गांव देहात व पक्की सड़क की ओर भागते हुए ग्रामीण या वाहनों के शिकार हो जा रहे हैं। हैरत अंगेज इसबात की है कि सम्बंधित वनक्षेत्र के पदाधिकारी व कर्मियों ने उक्त आग पर काबू पाने व वनों को बचाने के बजाय कुंभकर्णी निंद्रा में सोए हुए हैं।वनों में आग लगने से पर्यावरण के साथ मॉनसून और वातावरण काफी प्रभावित तथा दूषित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि वन लगाने व वनों की रक्षा के लिए राज्य व केंद्र सरकार प्रति वर्ष विभिन्न योजनाएं वनविभाग को दे रही है और करोड़ो रूपये खर्च कर रही है।बावजूद विभाग के कर्मी व पदाधिकारी वनों को बचाने में अक्षम साबित हो रहे हैं।आगे बतादें की वन पदाधिकारी या कर्मी न वनों की कटाई रोक पाते हैं और नाही उसको सुरक्षा प्रदान कर पाते हैं,जो दुर्भाग्यपूर्ण है।जिससे यह प्रतीत होता है कि विभाग के कर्मी व पदाधिकारी राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार को भी हर मोर्चे पर विफल साबित करने की मनसा बनाए हुए हैं।

## परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित 9वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए बनाए गए प्रखंड के दो परीक्षा केन्द्रों में मंगलवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कक्षा 9 वीं द्वितीय पाली में भाषिय विषय की परीक्षा में 988 परीक्षार्थी में 18 अनुपस्थित रहे। मुख्यालय के आदर्श मध्य विधालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अनिता देवी ने बताई कि परियोजना+2 उच्च विद्यालय का सेंटर मेरे विद्यालय में दिया गया है। जहाँ आज प्रथम दिन द्वितीय पाली में हिन्दी व अंग्रेजी भाषिय विषय की परीक्षा में 446 परीक्षार्थी मे 9 अनुपस्थित रहे। परियोजना +2 उच्च विद्यालय परिक्षा केंद्र के केन्द्राधीक्ष गीता कुमारी ने बताई कि मेरे विद्यालय में अपग्रेड उच्च विद्यालय गोनिया के 143 , अपग्रेड उच्च विद्यालय टोंटी के 183, अपग्रेड उच्च विद्यालय फुलसु के 173, व झारखंड बालिका अवासिय विद्यालय के 83,कुल 542 परीक्षार्थी में 533 उपस्थित रहे जबकि 9 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में वीक्षक संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र, शंभु राम, श्रवण कुमार, अल्का तिग्गा, मधु कुजुर, मो महताब, महेंद्र प्रजापति, मिथिलेश कुमार मेहता, बसंती मिंज, शर्मा राम, रामाधार राम, रामाधार प्रसाद गुप्ता सहित कई वीक्षक का सराहनीय भुमिका रहा।

## पुलिस व पंचायत प्रतिनिधि के समन्यवय को लेकर हुआ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे पुलिस और पंचायत प्रतिनिधियों को समन्यव को लेकर बैठक की गई। बैठक में अंचलाधिकारी दिपावली भगत, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी व सभी पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी ने किया। बैठक मे पंचायत प्रतिनिधियों को थाना द्वारा मान सम्मान नहीं दिए जाने की चर्चा करते हुए समन्यव बनाने को लेकर चर्चा की गई . बैठक मे थाना प्रभारी मुकेश चौधरी व पंचायत प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई जिसमे मे कई पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा हमलोग पंचायत प्रतिनिधियों के लिए दुर्भाग्य है की अन्य कई लोगों को बैठने के लिए कुर्सी मिल जाता है लेकिन पंचायत प्रतिनिधि को कुर्सी नहीं मिलती है.इसपर थाना प्रभारी ने कहा की हम रिक्सा चालक को भी कुर्सी दे सकते हैं हमारे लिए सब बराबर है. पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा की निर्दोष फसे नहीं दोषी बचे नहीं इसके लिए हमलोग सहयोग करेंगे. छोटा-छोटा मामला मे मामला पंचायत स्तर पर ही निष्पादन हो जाय इसके लिए आग्रह किया साथ ही कहा की फर्जी मुकदमा मे लोग फसे नहीं इसके लिए पंचायत मुखिया व पंसस से जानकारी लेने की भी कोशिश करें. इसपर थानेदार ने कहा की थाना आईपीसी और सीआरपीसी के तहत चलता है.आप पंचायती नहीं करें अगर कोई पलट गया तो आपको भी पार्टी बना सकता है. वहीं कहा की आपलोग पंचायती राज अधिनियम को पढ़ लें. सांसद विधायक व सरकारी कर्मी छोड़कर एफआईआर करने के लिए किसी से अनुमति लेने की आवश्यता नहीं है. घंटो तक थाना प्रभारी व पंचायत प्रतिनिधियों मे वैचारिक डिबेट होते रहा. पाँचवी अनुसूचि का भी जिक्र करते हुए ग्राम के तहत अधिकार के सम्बन्ध मे भी कहा की हमलोग पंचायत प्रतिनिधि हैं इसलिए पूर्ण प्रयास करते हैं की कोई भी निर्दोष गरीब केश मे फंसे नहीं इसके लिए समन्वयय स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं.इसपर थाना प्रभारी ने कहा की संग्य अपराध हो या असंग्य मीटिंग नहीं करें. आप सभी को ग्रामीणों से कॉमनीकेशन नहीं इसलिए लोग थाना आ जाते हैं. एक उदाहरण देते हुए कहा की मारपीट कर हत्या के मामले मे हेरहंज थाना क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि अभी तक जेल मे हैं. आपलोग ऐसे मामलो मे इंटर फेर नहीं करे अन्यथा आईपीसी के हिसाब से आप भी दण्डित हो जाइएगा. पुलिस का काम है क्राइम कंट्रोल करना.पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्य को धरातल मे लाने व जोड़ने का लक्ष्य है.मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भी कई बिन्दुओ पर चर्चा कर जानकारी दी. बैठक से थाना प्रभारी को बाहर जाते ही एकाध प्रतिनिधि छोड़कर कई प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए कहा की दलालो के लिए सिर्फ थाना रह गया है. दलाल चाहेंगे वही हो सकता है. दलालो को कुर्सी मिलता है लेकिन पंचायत प्रतिनिधि खड़े रह जाते हैं.मौके पर उप प्रमुख निशा शाहदेव, पंसस संतोष भगत, सोनी देवी, मो होजैफा, जया देवी,उमेश उरांव, मुखिया सरिता देवी, राजीव, केदार गंझु, तेतरी देवी, रानो देवी, शांति, समाजसेवी राजेन्द्र उरांव, नंदु, प्रमोद, लालआशीष नाथ शाहदेव सहित अन्य भी मौजूद थे।

## जिले में खुलेआम होता है टेंडर मैनेज का खेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला प्रशासन के नाक के नीचे लातेहार भवन प्रमंडल द्वारा निकाले गए निविदा का डाला गया।सभी संवेदक टेंडर मैनेज को लेकर समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय के सामने एकत्रित हुए थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा लगभग 15 कार्यो के लिए प्रत्येक कार्य के लिए 15 से 20 क्ष्हक्त खरीदे गए है।टेंडर मैनेज कार्य एसपी कार्यालय के नीचे किया जा रहा था।जहां से एसपी कार्यालय में मौजूद गार्डो द्वारा सवेदकों को खदेड़ा गया।किसी भी विभाग से टेंडर निकलने के बाद टेंडर मैनेज करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। कई संवेदक इसी लिहाज से टेंडर में शिरकत करते हैं कि उन्हें टेंडर मैनेज करने के नाम पर कुछ कमाई हो जाए। क्योंकि संबंधित विभाग में रजिस्टर्ड संवेदक को कुछ ही रुपये में पेपर खरीदकर करीब चार गुणा राशि की कमाई हो जाती है। काम करने के इच्छुक संवेदक को संबंधित संवेदकों को मैनेज करने की मजबूरी होती है। इसके बाद ही शुरू हो जाता है टेंडर मैनेज करने का खेल। इसके बाद ऐसे संवेदक सार्वजनिक स्थानों पर ही अपना रेट बताना शुरू कर देते हैं। काम करने का इच्छुक संवेदक उन्हें पैसे बांटता नजर आ जाता है। कई मौकों पर मनचाहे रेट में टेंडर लेने के लिए ही पूर्व में टेंडर मैनेज कर लिया जाता है और कार्य लेने के दौरान तयशुदा राशि संबंधित टेंडर में हिस्सा लेने वाले अन्य संवेदकों को बांट दी जाती है। कई मौके पर विवाद के बीच पैसे के लेन देन से ही मामले को निपटाने का प्रयास होता है।

## अस्पताल में किया गया कोविड मॉक ड्रिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडाड :** प्रखण्ड के स्वस्थ्य केन्द्र परिसर पर कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को सुनियोजित तरीके से नियंत्रण करने को लेकर महुआडाड को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल परिसर में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। उपायुक्त भौर सिंह व सिविल सर्जन के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, व् डाँ सुनिल जोर्ज कण्डुलना के नेतृत्व में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति से निपटने का रिहर्सल किया गया। इस दौरान महुआडाड अस्पताल के जनरल वार्ड, स्पेशल वार्ड, कोविड ऑपरेटिव वार्ड, चाइल्ड वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू समेत पूरे अस्पताल की बारीकी से जांच कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। संक्रमण बढ़ने की स्थिति में मरीजों को तत्काल ऑक्सीजन बेड, दवा उपलब्ध होने की स्थिति को देखा गया। कोविड एक्सपर्ट डॉक्टर नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती देखी। अस्पताल में उपलब्ध ऑक्सीजन सिलेंडर की जानकारी लिया गया। वही अस्पताल को कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार किया गया। अस्पताल में कोविड मास्क, नेबुलाइजेशन मशीन, एक्सपर्ट डॉक्टर नर्स को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। इस मौके



डा बिनित मुकेश, संतोष चौबे, सुमन किशोर एक्का, जसवन्त राम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन ने कहा कि महुआडाड प्रखण्ड में कोविड महामारी के रोकथाम के लिए सरकार के निर्देश पर मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया । जिससे संक्रमण बढ़ने की स्थिति में सहजता के साथ उसे नियंत्रित किया जा सके।बाहर से आने वाले लोगो की जांच करें प्रशासन उनपर नजर रखेगी। कोविड पॉजिटिव केसे में मरीज को कोरेनटाइन सेंटर में रखने की ठोस व्यवस्था है।वर्तमान डॉ सुनिल कण्डुलना ने कहा की सरकार के निर्देश पर अस्पताल पूरी तरह से तैयार है अस्पताल में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

## नहीं मिला पीड़ित परिवार को मुआवजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत छेंचा में 1 जनवरी 2023 को वृद्ध आदमी मुश्ताक खान की जान जंगली जानवर ने ले ली थी यह बात सैंकड़ों लोगों के साथ वन विभाग के अधिकारी, प्रखंड प्रशासन व क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने स्वीकारा था। जहां काफी समय गुजर जाने के दौरान उक्त पीड़ित परिवार की सुध लेने वाला कोई नहीं दिखा। वहीं अब तक पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की सहायता या मुआवजा नहीं मिला है जबकि उस दौरान पीड़ित परिवार को मुआवजा और डेली वेजेस नौकरी दिलाने का भरपूर ढांढस बंधाया गया था। ऐसे में पीड़ित परिवार के साथ अन्याय और धोखा हुआ है वही मंगलवार को जुझारू और आंदोलनकारी नेता सह जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। वहीं ग्रामीणों ने पठान टोला के मूलभूत सुविधा को दुरुस्त कराने का आग्रह किया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जानकारी है कि मृतक मुश्ताक खान के केस को सही या ग़लत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गलत दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।अब बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत हुई है जिसकी जांच प्रक्रिया में पुलिस प्रशासन जुटी है। जानकारी अनुसार मृतक बरवाडीह होटल में पानी भरता था ,गांव के लोग उन्हें आर्थिक सहायता करते थे । बता दें कि बिते घटना के दिन घटना स्थल पर सैंकड़ों लोगों के साथ वन विभाग के कर्मियों ने तेंदुआ या हाइना के पगमार्क को चिन्हित किया था और फोरेस्टर के द्वारा बताया जा रहा था कि तेंदुआ नहीं हाइना ही ऐसे मार सकता है। मौके पर अलाउद्दीन खान कयूम खान मिंटू खान इमामुल खान वाजिद खान जमालुद्दीन खान कलामुद्दीन खान अशरफ खान मजीद खान सफदर खान समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी दुखियारे की फरियाद, दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया।

समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित मामले, शिक्षक मानदेय संबंधित, आवास संबंधित, राशन से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे।

ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## घायल हुए चतरा भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड सचिवालय घेराव आंदोलन में भाजयुमो चतरा के जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दरअसल रांची के धुर्वा गोल चक्कर के पास पुलिस ने भाजपा के आंदोलन को कुचलने का प्रयास के क्रम में लाठीचार्ज कर दिया जिससे रांची का धुर्वा गोल चक्कर कुछ देर के लिए संग्राम स्थल बना रहा। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गया। पुलिस ने हालांकि बाद में वाटर कैनन का इस्तेमाल कर हालात को काबू में लाने का प्रयास किया। लेकिन इसी दौरान पुलिस की बेरहम लाठी से भाजपा के युवा मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी बुरी तरह से घायल हो गए।बताया जाता है कि पुलिस की लाठी से उनके सिर फट गया है और पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। हालांकि बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण उनकी जान बचाई जा सकी और फिलवक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके हाथों में भी काफी चोट लगी है। डॉक्टर ने बताया कि उनकी स्थिति खतरे से बाहर है ।जानकारी मिलने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह सहित राज्य के कई नेताओं ने अस्पताल जाकर उनका हालचाल लिया। उन्होंने डॉक्टरों से समुचित इलाज कर करने का अनुरोध भी किया। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के कारण पूरे राज्य में अराजकता का माहौल है। इसीलिए हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा झारखंड सचिवालय घेराव का आह्वान किया गया था। इस मौके पर प्रदेश के सभी जिलों से हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे और प्रभात तारा मैदान के बाद कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए सचिवालय घेराव के लिए कुच कर रहे थे।इसी दौरान पुलिस की टीम के द्वारा रांची के धुर्वा गोल चक्कर के पास एकाएक लाठीचार्ज कर दिया गया जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गया। भाजपा के कई बड़े नेताओं को चोट लगी है। जबकि चतरा भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अभिषेक केसरी का सिर पर गहरा चोट लग गया चोट लग गया। बताया जाता है कि पुलिस की लाठी से उन्हें सिर पर चोट लगा है और फट गया है। हालांकि डॉक्टरों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताया है ।घायल भाजपा नेता अभिषेक केसरी से राज्य के नेताओं ने अस्पताल जाकर मुलाकात की है और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना भी की है।

## संक्षिप्त खबरें

### मजदूर की हाइटेंशन तार के चपेट में आने से हुई मौत

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज़ारीबाग जिला अन्तर्गत्त चलकुशा थाना के ग्राम पंचायत चलकुशा निवासी मो0सनोवर अंसारी पिता समसुद्दीन अंसारी की असम के तेजपुर में गयारह हजार बिजली की हाइटेंशन तार के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। प्रवासी मजदूर सनोवर अंसारी हाईवा वाहन चलाने का कार्य किया करता था।मृतक सनोवर अंसारी का शव असम से एंबुलेंस के द्वारा पैतृक गांव चलकुशा लाया गया।मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिसमें दो लड़का एवं एक लड़की है। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विकास पुरुष पूर्व विधायक श्री जानकी प्रसाद यादव व मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह चलकुशा गाँव पहुंचकर शोक संतप्त परिवार जनों से मिले व गहरी शोक संवेदना प्रकट कर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।मौके पर पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि मनैया केदार यादव,चलकुशा पंसस प्रतिनिधि उमेश साव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव,अलगडीहा मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक रहमान अंसारी,बिंदेश्वर यादव,सलीम अंसारी, कलीम अंसारी,नसीम अंसारी,बिजय मोदी,सुनील पाण्डेय,हरी सिंह,कासीम अंसारी,मुन्शी पासवान सहित भारी संख्या में संख्या स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस की बैठक संपन्न

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को परेशान किये जाने के मामले पर 15 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी विशाल सत्याग्रह ऑफि सर्स क्लब रजरप्पा 1:00 बजे से आयोजित कर रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राजेश ठाकुर सहित कई मंत्री ,विधायक, पूर्व विधायक ,पूर्व मंत्री, सांसद शामिल होंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 11 अप्रैल को रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में होटल लॉ मेरिटल के सभागार में बैठक आयोजित की गई । बैठक में कांग्रेस पार्टी के जिला प्रभारी सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम ने सभी प्रखंड अध्यक्ष, महिला मोर्चा सहित सभी शाखाओं के पदाधिकारियों में जोश भरते हुए कहा कि निर्धारित तिथि को कांग्रेस का हर कार्यकर्ता सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेगा । कहा कि सत्याग्रह द्वारा हम यह संदेश देंगे की राहुल गांधी एक आंधी हैं। उनके साथ पूरे देश वासियों के साथ कांग्रेस का हर कार्यकर्ता साथ खड़ा है ।

बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया । मौके में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम ,झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत सिंह बेदी, झारखंड प्रदेश सचिव सीपी संतन, धर्मराज राम ,वरिष्ठ नेता बिरेन्द्र नारायण सिंह, रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ,झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रियाज अंसारी, महिला अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा,सेवा दल अध्यक्ष रूपेंद्र महतो, राजेंद्र नाथ चौधरी ,जिला प्रवक्ता मुकेश यादव, परमानंद सिंह, भैरव ठाकुर, प्रकाश करमाली,दिगम्बर प्रसाद ,गुप्ता, जगतपाल प्रसाद, रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, आदि मौजूद थे।

### लुकैया चुम्बा में भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर 28 सदस्य कमेटी गठित

**गिददी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुम्बा के टोला लुकैया में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर बैठक कर कमेटी गठित की गई। इसकी अध्यक्षता मंझिला चुम्बा पंसस सह समाजसेवी महेंद्र दास व संचालन जितेंद्र कुमार दास, सत्येंद्र कुमार दास ललित कुमार दास ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न भीमराव जी के जयंती समारोह के लिए कमेटी गठित की गई। इसमें अध्यक्ष अमित कुमार दास, सचिव शिवा कुमार दास, संयोजक ललित कुमार दास, महासचिव इंद्र कुमार सम्राट, संगठन मंत्री रंजीत कुमार दास, संगठन सचिव उदय कुमार दास, मीडिया प्रभारी पंकज कुमार दास, उपाध्यक्ष गोपी कुमार दास, उपाध्यक्ष ललन कुमार दास, उपाध्यक्ष करण कुमार दास, सचिव दिलीप कुमार दास, उप सचिव वीरेंद्र कुमार दास, उपसचिव सूबेदार कुमार दास बने। जबकि सदस्यों में नितीश कुमार दास, बसंत कुमार दास, प्रिंस कुमार दास, प्रमोद कुमार दास, विवेक कुमार दास, पुनीत कुमार दास, इंद्र कुमार मेहरा, विकास कुमार दास, अंकित कुमार दास, बबलू कुमार दास, सुरेंद्र कुमार दास, योगेंद्र रविदास, अमरजीत कुमार दास, जयलाल रविदास, सत्यम कुमार दास शामिल हैं। अवसर पर समाजसेवी महेंद्र कुमार दास ने कहां कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती प्रति वर्ष की भांति इस बार भी यादगार रूप में सभी के सहयोग और भागीदारी से यादगार बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जिसके लिए सभी एकजुटता का परिचय देंगे। मौके पर रविदास समाज सचिव शिवचंद राम, अशोक रविदास, रामसकल रविदास, सकलदेव रविदास, बाबा सिकंदर दास, आशीष कुमार दास, जय लाल रविदास, अविनाश कुमार दास, पंकज कुमार दास, सत्यम कुमार दास समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# शर्मनाक : आज भी चुंआ के सहारे हैं आदिवासी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** वैशाख का मास आते ही गर्मी ने अपनी दस्तक जैसे-जैसे देनी शुरू कर दी है।वैसे-वैसे पूरे प्रखंड क्षेत्र में पेयजल की समस्या गहराने लगी है।बरकट्ठा प्रखंड में 17 पंचायत है जिसमें सभी पंचायत में लगे लगभग सरकारी सभी चापाकल गर्मी आते ही हांफना शुरू कर दिये हैं। पेयजल संकट को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है.प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर पंचायतों में नलकूप एवं सोलर जलमीनार खराब होने कि सूचना लगातार प्राप्त हो रही है।सबसे ज्यादा विकट समस्या प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गोरहर स्थित सूदूरवर्ती आदिवासी बहुल गांव ज्वार,पहाडपुर,कुसहन आदि गांवों कि है।ओर इन गांवों में पेयजल संकट की बात की जाय तो पेयजल के दृष्टिकोण से इन गांवों में निवास करने वाले लोगों को आज भी पीने योग्य साफ पानी के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।ओर लोग इस भीषण गर्मी में चुंआ के पानी पीने को मजबूर हैं।देश अमृत महोत्सव मना रहा है ओर आजादी के इतने वर्ष के बाद भी लोग विकास से कोसों दूर हैं।बताते चलें कि पहाडियों के तलहटी पर बसे ये बस्तियां प्रखंड कार्यालय से आठ किलोमीटर की दूरी पर बसा है।जंहा लगभग तीनों गांव मिलाकर एक हजार कि आबादी में आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं।जंहा पहुंचने के लिए आज तक सडक़ का निर्माण नहीं किया गया है।गांव के शहदेव मरांडी ने बताया कि हमलोग इंसान तो चुंआ के पानी पीकर जीवन व्यतीत कर लेते हैं परतुं गर्मी के दिनों में मवेशियों को पानी पिलाने के लिए घोर समस्या उत्पन्न हो जाती है।गांव में एक छोटा तालाब है जो गर्मी में सूखने से भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## कैथा मंडा पूजा 16 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा में इस वर्ष 16 अप्रैल को सादगीपूर्ण तरीके से मंडा पूजा संपन्न होगा।कैथा मंडा पूजा आयोजन व महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य को लेकर मंडा पूजा समिति अध्यक्ष राजेश महतो व वार्ड पार्षद एवं कमेटी कोषाध्यक्ष देवधारी महतो के नेतृत्व में मंडा पूजा समिति व ग्रामीणों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी से मुलाकात कर 16 अप्रैल को होनेवाले मंडा पूजा व महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के पावन अवसर पर सादर आमंत्रण दिया। आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों को पूरी निष्ठा, श्रद्धापूर्वक और उल्लासपूर्ण तरीके से आयोजन संपन्न कराने की बात कही। वहीं रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि बतौर विधायक मैं कैथा मंडा पूजा व महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार में ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम को पूर्णता देने के लिए तत्पर है।

## एलआईसी ऑफिस रामगढ़ के निकट 29 लाख रूपए की लूट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** रामगढ़ में अपराधियों के हौंसले इस कदर बढ़ गए हैं कि वे दिनहाड़े लूटपाट कर रहे हैं। मंगलवार को झंडा चौक स्थित एलआईसी ऑफिस के सामने अपराधियों ने 29 लाख रूपए की लूट की घटना को अंजाम दिया। इस घटना को लेकर बताया गया कि एलआईसी ऑफिस रामगढ़ से मंगलवार को एसआईएस कंपनी के कैश वैन में सुरक्षाकर्मी 29 लाख 34,447 रूपए रखने को ले जा रहा था। यह क्या ड्राइंग एलआईसी ऑफिस के सामने में खड़ा था इसी दौरान दो बाइक पर सवार 5 की संख्या में अपराधी वहां पहुंचे। अपराधी सुरक्षाकर्मी ददन कुमार सिंह से रूपए छीन रहे थे तो उसने विरोध किया। जिस पर अपराधियों ने उसके पैर में गोली मार दी। गोली सुरक्षाकर्मी के पैर में लगी। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल भेजा गया। इधर घटना की जानकारी के बाद थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटना की छानबीन शुरू की। वहीं सदर अस्पताल पहुंचे एसआई हर नारायण साह ने बताया कि अपराधियों द्वारा एलआईसी ऑफिस के समीप ददन कुमार सिंह पर गोली चलाई और 2934745 रुपए छीन के ले गए यह सभी अपराधी बाइक से आए हुए थे इनकी संख्या लगभग 4 और 5 की संख्या में उन्होंने बताया और वह सभी अपराधी सौदागर मोहल्ला हो कर बाइक में फरार हो गए लगातार रामगढ़ में अपराधिक घटना बढ़ने से रामगढ़ वासियों में भय का माहौल है इस बात को लेकर चर्चा भी है कि दिनदहाड़े रामगढ़ थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने पर सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगता है।

## सिद्धो कान्हू की जयंती पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन किया अर्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हूल क्रांति के महानायक अमर वीर शहीद सिदो कान्हू की जयंती के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने पीडब्ल्यूडी चौक पर अवस्थित शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके बलिदानों को याद किया। 30 जून 1855 को सिदो कान्हू के नेतृत्व में मौजूदा साहेबगंज ज़िले के भोगनाडीह गाँव से अंग्रेजो के खिलाफ विद्रोह शुरू हुआ था।

झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ हथियार उठाया और सिदो कान्हू ने नारा दिया 'करो या मरो, अंग्रेज़ों हमारी माटी छोड़ो'।

माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान एनडीसी डेविड बलिहार, सदर सीओ राजेश कुमार, डीपीआरओ पंचानन उरांव ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## हजारीबाग यूथ विंग के प्रयास से 23 वर्षीय महिला को कराया गया रक्त उपलब्ध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग ने इमली कोठी निवासी विजय राणा की धर्मपत्नी को मां भद्रकाली नर्सिंग होम कि महिला चिकित्सक के द्वारा परिजनों को रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया जिसके उपरांत परिजनों के द्वारा संबंधित रक्त की खोजबीन प्रारंभ कर दी गई इस बीच परिजनों ने हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों से संपर्क किया जिसके उपरांत यूथ विंग के पदाधिकारियों के द्वारा संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए। जिसके बाद रांची निवासी हजारीबाग में कार्यरत अशोक कुमार से रक्तदान करने का आग्रह किया गया। जिसके उपरांत उन्होंने आनन-फानन में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर मानवता का परिचय देते हुए महिला की जान बचाई। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदाता के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि बाजारों में सब कुछ खरीदा जा सकता है परंतु रक्त किसी बाजार में नहीं मिलता, मरीज को अगर सही समय पर रक्त मिल जाए इससे बड़ा कोई दान नहीं होता है।

## गिद्दी ए परियोजना में चक्का जाम आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिददी :** आंदोलन के दूसरे दिन भी गिद्दी ए परियोजना का उत्पादन बाधित रहा.किसी भी तरह से कोई कार्य नहीं हो पाया.. प्रबंधन अपने स्तर से हर संभव प्रयास करती रही की काम चालू हो सके. परंतु उसके लाख प्रयास के बावजूद भी मजदूरों ने अपनी आंदोलन को जारी रखा और किसी भी तरह का उत्पादन से संबंधित कोई भी कार्य नहीं हुआ, ना ही डोजर, पेलोडर , डंफर का चक्का भी प्रबंधन नही हिला पाई. सूचना छनकर मिल रही है कि गिद्दी ए में ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक हुई. बैठक में गिद्दी प्रबंधन द्वारा बिल्कुल ही निराधार व असत्य आरोप लगाने का प्रयास किया है.कहा जा रहा है कि प्रबंधन के साथ एसॉल्ट या अपमानजनक कार्य किया गया है. यह बात बिल्कुल निराधार और सत्य से परे हैं. जबकि कल शाम हम लोग परियोजना पदाधिकारी के कहने पर उनके कक्ष में जाकर बात करने का प्रयास किया तो उनका व्यवहार बिल्कुल तानाशाही जैसा दिखा था.उनके व्यवहार से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सीसीएल के मजदूर उनके व्यक्तिगत नौकर है और यूनियन प्रतिनिधि उनके सामने एक तुच्छ प्राणी के समान है. उन्होंने अपने अड़ियल रवैया से इस वार्ता को विफल कर दिया.

इतना ही नहीं उनका व्यवहार ना सिर्फ अव्यवहारिक ही नहीं अपमानजनक भी था.और कानून सम्मत तो बिल्कुल ही नहीं था.उन्होंने हम लोगों के साथ गए एक दलित कार्यकर्ता के साथ जाति सूचक शब्द का भी उपयोग किया.लेकिन हम लोग इस बात को दबाते हुए किसी तरह से इस मामले का हल निकल सके इसका अथक प्रयास किया.उनसे बहुत आरजू विनती भी की गई.


लेकिन वह अपने बातों पर अड़े रहे और हम लोगों को अपमानित करके वहां से भेज दिया. वहीं दूसरी ओर परियोजना पदाधिकारी विभिन्न स्तरों पर मैसेज देने का प्रयास कर रहे हैं कि उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ. जो बिल्कुल असत्य है.परियोजना पदाधिकारी से हम सभी मजदूर जो उनकी नजर में गुलाम है आग्रह करते हैं कि इस तरह के अड़ियल रवैया से सिर्फ औद्योगिक अशांति का माहौल पैदा होगा. इस तरह के अपमानजनक शब्दों से किसी समस्या का समाधान नहीं होना है.इसलिए अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं और जो कोयला उद्योग के भाग्य विधाता मजदूर है.उनके साथ अच्छा व्यवहार करने का प्रयास करें.आज सुबह से ही सारे मजदूर एकत्रित हो कर पुनः जमकर नारेबाजी की और कोयला कार्य को बिल्कुल बाधित रखा. पूरा उत्पादन पूरी तरह ठप रखा. लेकिन स्थानीय प्रबंधन की ओर से किसी भी तरह का इस समस्या का समाधान की कोई पहल नहीं की गयी. जबकि मुख्यालय स्तर से इस समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया जा रहा है. हमें विश्वास है कि सकारात्मक सहयोग से इस समस्या का समाधान निकलेगा. मजदूरों के मान सम्मान की रक्षा होनी चाहिए. उनको उनके वाजिब अधिकार उन्हें प्राप्त होना चाहिए.

## सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्र की मृत्यु



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़-बोकारो मार्ग राष्टीय राजमार्ग 23 के चितरपुर क्षेत्र के मरंगमरचा गाँव मे सड़क हादसे में एक स्कूली छात्र की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रामगढ़ बोकारो मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे छात्र रवि कुमार पिता जगदीश महतो मगरमरचा निवासी राधा कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा सात का छात्र था। वह अपने घर से साईकल के द्वारा स्कूल जा रहा था, इसी बीच एक ट्रक एलपी के चपेट मैं आ गया । जिससे उसकी मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनन्दन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एवँ ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। वहीं इस घटना को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है रामगढ़ बोकारो मार्ग लगभग 3 घंटे तक बाधित रहा जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद ग्रामीणों ने रोड जाम को हटाया लगातार रामगढ़ में दुर्घटनाओं का अंबार लग गया है और दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है

## सामाजिक न्याय मार्च को लेकर आजसू पार्टी नगर कमेटी की बैठक संपन्न



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी जिला प्रधान कार्यालय स्थित नगर कमेटी की बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा एवं संचालन नगर सचिव नीरज मंडल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। मनोज महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 13 अप्रैल 2023 को होने वाले सामाजिक न्याय मार्ग मे रामगढ़ नगर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाएंगे साथ ही साथ उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा किए गए वादों का आज तक कोई कार्य पूरा नही किया गया इसका पोल खोलने का भी कार्य करेंगे। सामाजिक न्याय मार्च प्रातः 9:00 बजे महतो पेट्रोल पंप से पैदल मार्च करते हुए जिला समाहरणालय का घेराव करेंगे बैठक में मुख्य रूप से अनुज तिवारी गौरी शंकर दिनेश कुशवाहा अनुपमा सिंह अभिमन्यु कुशवाहा विभिन्न सिंह राजेश गोयंका संजय बनारसी बबलू मोदी रोहित सोनी इंद्रजीत राम पंकज दांगी कैलाश रजक लालू शर्मा अनिल श्रीवास्तव राकेश साहू छोटू करमाली विक्की ठाकुर दीपू गुप्ता अजय पांडेय शंकर पासवान मीरा देवी मीरा देवी जयशंकर प्रसाद पिंकू कुशवाहा कुंती देवी ममता देवी आशा साव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जय भारत सत्याग्रह यात्रा पर नुक्कड़ सभा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बरकट्ठा :** प्रखंड कांग्रेस कमेटी बरकट्ठा कि ओर से देश में लोकतंत्र बचाओ जय भारत सत्याग्रह यात्रा के तहत बरकट्ठा बाजार में नुक्कड़ सभा किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने की।सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता दिगंबर कुमार मेहता ने कहा कि देश में मोदी सरकार ने देश के सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र में अडानी अंबानी के हाथों में बेचा जा रहा है। कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जब देश के प्रधानमंत्री या भारतीय जनता पार्टी के सरकार से लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा में एलआईसी एवं अन्य गरीब गुरबा के पैसों को 20 हजार करोड़ रुपये अडानी को कैसे मिला यह जब पूछने पर राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी जाती है। वहीं कार्यक्रम प्रभारी सह प्रदेश प्रतिनिधि संतोष कुमार देव ने कहा कि देश में भाजपा सरकार के कार्यशैली के खिलाफ पूरे देश में कांग्रेस पार्टी आंदोलन चला रही है। कहा कि आने वाले 2024 में जनता उन्हें सबक सिखाएगी। नुक्कड़ सभा को मनीलाल चौधरी, मोहम्मद इसराफिल आलम, कृष्णा कुशवाहा, मनोज मेहता ने भी संबोधित किया। जय भारत सत्याग्रह यात्रा में राजेश कुमार मेहता, गणेश मेहता, यमुना पासवान, शंकर साव, सरयू महतो, फरीद अंसारी, नारायण प्रसाद, सुनील राणा, समसुद्दीन अंसारी, भुनेश्वर रविदास, नंदू राणा, महेंद्र राम, द्वारिका गोस्वामी, लालमनी मांझी समेत आदि कांग्रेसी शामिल हुए।

## जेल से निकलीं रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी बोलीं
# मजबूती से उठाऊंगी जनता की आवाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग से सोमवार की शाम चार बजे बाहर निकलीं। पांच अप्रैल को ही झारखंड हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दी थी। जमानत मिलने के बाद कोर्ट की प्रक्रिया पूरी करने पर वह बाहर निकल पाईं। बाहर निकलने के बाद उन्होंने कहा कि जनता की सेवा में आगे भी इसी तरह काम करती रहेंगी। आने वाले 2024 में भले ही वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगी, लेकिन आम जनता की आवाज बनकर सेवा करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर वे लोग आगे उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगी। उन्हें विश्वास है कि उन लोगों को न्याय भी मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद वह चुनाव तो नहीं लड़ पाएंगी, लेकिन अपने क्षेत्र के मुद्दों को लेकर सरकार तक उनकी बातें जरूर पहुंचाने का काम करती रहेंगी ।

जेल जाने से उनके मनोबल में किसी भी तरह की कमी नहीं हुई है, बल्कि वह और भी अधिक सशक्त हुई हैं। ममता देवी के जेल से बाहर निकलने के बाद बड़े शांतिपूर्ण ढंग से वे अपने संबंधी के आवास में 11 अप्रैल तक रहेंगी। 12 अप्रैल को रामगढ़ में भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । पटेल चौक पर उनका स्वागत होगा और इसके बाद मुख्य चौक-चौराहा से होते हुए जिस जगह पर गोली कांड हुई थी, वहां कार्यक्रम का समापन होगा। मौके पर जेल सुपरिटेंडेंट चंद्रशेखर जी आप्त सचिव आलोक कुमार नामकोम जिला परिषद सदस्य रामावतार जी फिरोज अभिषेक शंकर करमाली संजय पटेल कमलेश महतो माणिक पटेल अर्जुन अशोक संतोष सहित कई लोग शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# उच्च शिक्षा के भविष्य को प्रदर्शित करता एडमिशन फेयर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अफेयर्स, जो कि एशिया के लीडिंग एजुकेशन फेयर के आयोजकों में से एक हैं, अब 15 - 16 अप्रैल, 2023 को रांची में अपने सबसे लोकप्रिय एडमिशनस फेयर की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित हैं। यह 2 दिवसीय कार्यक्रम होटल कैपिटल हिल में सुबह 11 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चलेगा, फेयर कक्षा 12वीं के छात्रों, स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों, माता-पिता तथा वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए खुला है जो कि हायर एडजुकेशन अर्थात उच्च शिक्षा प्राप्त करने में रुचि रखते हैं।यह एडमिशनस फेयर भारत में आज के शिक्षा परिदृश्य को लेकर बेहद प्रासंगिक है। इस फेयर में देश भर के 30 से अधिक विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के हेड्स ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस और एडमिशन डायरेक्टर्स के साथ सीधे बातचीत कर तमाम सवालों के जवाब खोजने के लिए पेरेंट्स और कक्षा 12 या उससे ऊपर के छात्रों के लिए यह एक वन-स्टॉप प्लेस है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र, कैंपस, कोर्स ऑप्शन, फीस, एडमिशन प्रोसेस एवं एलिजिबिलिटी, स्कॉलरशिप ऑप्शन तथा और भी बहुत कुछ के एक्यूरेट, रिलायबल तथा अप- टू-डेट जानकारी हासिल कर सकते हैं। और वह भी सब कुछ एक ही छत के नीचे जो कि कुछ ही घंटों में पूर्ण हो जाता है।




# अवैध कोयला पर छापेमारी करने गए रामगढ़ डीएफओ पर हमला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** अवैध कोयले के कारोबार में तस्करों का मनोबल कितना बढ़ गया है इसका जीता जागता उदाहरण सोमवार की रात को देखने को मिला। दरअसल रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि इंदरा और आसपास से बड़े पैमाने पर अवैध कोयला भंडारण और परिवहन किया जा रहा है। टर्बो, विकटा, बोलेरो, सेंट्रो जैसे छोटी-छोटी वाहनों से रात के अंधेरे में तस्करी कर इचाक और पदमा ले जाया जा रहा, जिसे फिर ट्रकों में लोड कर बिहार और उत्तरप्रदेश के मंडियों में ले जाकर बेचा जाता है और मोटी कमाई की जा रही है। इसी को लेकर सोमवार की रात रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार, मांडू रेंजर बिनोद नंद राय और वनरक्षी की टीम बनाकर पकड़ने निकले थे। रात में करीब 9 बजे के आसपास 14 माईल में तस्करों के वाहनों को आता देख पीछा किया और पीछा करते हुए तस्करों के ठिकानों तक पहुंच गए। मौके पर लोड हो रहे गाड़ी को भी पकड़ लिया। गाड़ी को जब्त कर लाने के क्रम में ही तस्करों ने हमला करना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार तस्करों ने ले-दे के मामला सलटना चाहा। अधिकारी नही माने, जिसके बाद तस्करों ने अपने अन्य साथियों को भी बुला लिया। उन्होंने आते ही अधिकारी और उसकी टीम पर मिर्च पाउडर छिड़क दिया और हाथापाई करने लगे और वाहनों पर भी ईट-पत्थर से हमला कर दिया। डीएफओ नितेश कुमार और उनकी टीम काफी देर डटे रहे। अंत मे स्थिति विपरीत होता देख डीएफओ को ओमनी वाहन को घटना स्थल पर छोड़ पीछे हटना पड़ा। हमले के बाद डीएफओ ने कुशल नेतृत्वकर्ता का परिचय दिया। वो रणभूमि से पीछे हटे, भागे नही। उन्होंने अपने टिन में हिम्मत भरा और तस्करों के पकड़कर उनके चरम पर पहुंचे मनोबल को तोड़ने की योजना बनाई। उन्होंने चरही पुलिस को फोन कर बैकअप भेजने को कहा। चरही पुलिस बल के साथ काफी देर से पहुंची।





# मुखिया ने किया बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में मुखिया अब्बास अंसारी ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया।कक्षा तीन से लेकर आठवीं कक्षा के 195 बच्चों को दो सेट में पोशाक और जूते का वितरण करते हुए मुखिया ने कहा कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि सरकार द्वारा दिये जा रहे सुविधा का लाभ उठाते हुए बेहतर शिक्षा ग्रहण करें। प्रधानाध्यापक महेश चौधरी ने कहा कि करीब-करीब सभी बच्चों का पोशाक का राशि उनके बैंक खाते में जमा हो गया है।जिन बच्चों का राशि नहीं जमा हुआ है।उन्हीं बच्चों को पोशाक दिया जा रहा है। मौके पर शिक्षक अशोक विश्वकर्मा,कौलेश्वर महतो, मोनिका देवी,कविता देवी,सुंदर तूरी,रुक्मिणी देवी, सुखदेव प्रसाद,प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय ठाकुर,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि विजय मोदी, विनोद ठाकुर,दीपक ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिप सदस्य प्रीति कुमारी ने भारतीय रेल मंत्री को भेजा मांग पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** बरही रेलवे स्टेशन पर वन्दे भारत एवं मधुपुर रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर बरही भाग 4 की जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता ने भारत के रेल मंत्री, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा एवं संबंधित अधिकारियों को एक मांग पत्र सौंपा। उन्होंने अपने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि बरही रेलवे स्टेशन के बने हुए कई वर्ष गुजर गए लेकिन अब तक इस रूट से होकर किसी लंबी दूरी के ट्रेन का परिचालन संभव नहीं हो सका। अब जब रांची पटना के लिए बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन एवं मधुपुर रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस को इस रूट से चलाने की घोषणा की गई तो बरही स्टेशन पर इसके ठहराव का कोई प्रावधान नहीं किया गया। बरही स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव को लेकर उन्होंने बताया कि बरही कई एनएच का मिलन स्थल है जहां कई राज्यों से लोगों का आना जाना होता रहता है, साथ ही बरही में कोबरा 203 बटालियन का कैंप है, जियाडा क्षेत्र में कई प्रकार की लौह फैक्ट्रियां और एचपीसीएल के प्लांट है , इतना ही नहीं बरही के गौरिया करमा में भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र, पदमा अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, इटखोरी अंतर्गत माता भद्रकाली का मंदिर एवं यहां के व्यवसायियों का व्यवसाय ट्रेन के बरही स्टेशन पर रुकने का कारण बनता है। इस ट्रेन के बरही स्टेशन पर रुकने से केंद्र अंतर राज्य एवं राज्य स्तरीय आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी और साथ ही साथ यहां के सभी औद्योगिक क्षेत्र व्यवसायिक क्षेत्र एवं अन्य कार्यालयों का समुचित उत्थान होगा। यदि बरही रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेनों का ठहराव होता है तो निश्चित रूप से भारतीय रेल के परिचालन का लक्ष्य पूरा होने के साथ-साथ बरही क्षेत्र के विकास का भी लक्ष्य पूर्ण होता है ।उन्होंने मांग किया कि बरही स्टेशन पर उक्त ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की जाए ताकि इन सभी क्षेत्रों का समुचित विकास हो सके।



# जनता दरबार में तीन दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग तीन दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।



# टोल प्लाजा के कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन, सौपा मांग पत्र

**बरही(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रसोईया धमना टॉल प्लाजा के कर्मियो को दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मियो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को टोल प्लाजा कर्मचारी संघ के कर्मचारियों व भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने नौ सूत्री मांग पत्र को लेकर टोल प्लाजा अधिकारी अनुराग पांडे को सौंपा। मौके पर भारतीय मजदूर संगठन के संगठन मंत्री बृजेश कुमार, जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा, जिला महामंत्री नीरज सिंह आदि मौजूद थे। कर्मियो ने बताया की मांग पत्र में वेतन वृद्धि, वेतन पर्ची, दुर्घटना चिकित्सा स्वास्थ्य नीति, बोनस, छुट्टी रात्रि ड्यूटी भत्ता भविश निधि, मेंस एवम आराम हेतु आवास सहित नौ मांग शामिल है। वहीं बताया की इस संबंध में बताया कि इसके पूर्व में भी हम लोगों के द्वारा कंपनी को मांग पत्र दिया गया था, परंतु उन्होंने किसी तरह का कोई सकारात्मक बातें नहीं की। आज हम लोगों ने अपने मांग पत्र को पुनः रहते हुए 10 दिनों के अंदर समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। यदि 10 दिनों के अंदर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तो हम लोग मजबूरन आंदोलन पर उतारू होंगे जिसकी सारी जवाबदेही कंपनी के ऊपर होगी। मांगपत्र सौंपने वालों में अध्यक्ष रामचंद्र साव, महामंत्री सतीश कुमार, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार ठाकुर, सचिव ओमप्रकाश विश्वकर्मा, उप सचिव चंदन कुमार रजक, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, उप कोषाध्यक्ष मो. मासूम, संजोजक आनंद सिंह, गुंजन सिंह, बीरेंद्र साव, अयोध्या ठाकुर, अमित सिंह सहित कई लोग



# सॉफ्टेक कंप्यूटर ने डिजिटल साक्षरता सर्वे अभियान के तहत विभिन्न गांवों में दि कंप्यूटर की जानकारी

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**बरही :** रजत जयंती के अवसर पर सॉफ्टेक द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल साक्षरता सर्वे कार्यक्रम का सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने भूरी भूरी प्रशंसा किया । उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा आज की मांग है । आज जीवन का हर एक कार्य कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है । सरकारी कार्य हो या गैरसरकारी अथवा निजी कार्य हर एक अब चैट कंप्यूटर का प्रयोग किया जा रहा है । आज डिजिटल युग कंप्यूटर आ चुका है ऐसे में डिजिटल साक्षरता अभियान चलाकर बरही में कंप्यूटर प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए सॉफ्टेक के कार्य सराहनीय है उन्होंने इस क्षेत्र के युवाओं सहित सभी लोगों को कंप्यूटर शिक्षा से जोडने का अपील भी किया ।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

**व्हील लेद मशीन का वार्षिक अनुरक्षण करार हेतु निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य , वं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई. निविदा सं **ELS_401_WL_HYT_22-23_14R** हेतु खुला ई–निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। **1. कार्य का नाम तथा स्थानः**– विद्युत लोको शेड, गोमो में एच.वाई.टी निर्मित अंडर फ्लोर व्हील लेद मशीन का 2 साल के लिए वार्षिक अनुरक्षण करार स्थान: विद्युत लोको शेड, गोमो, **2. कार्य का अनुमानित लागत :** 52,98,315.69 रू. (बावन लाख अन्ठान्वे हजार तीन सौ पन्द्रह रूपये उनहत्तर पैसे मात्र), **3. अग्रधन राशि :** 1,06,000 रू. (एक लाख छह हजार रूपये मात्र), **4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय :** 17/04/2023 से 01/05/2023 को 11:30 बजे निविदा बंद होने तक। **5. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावजे उपलब्ध है:** आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट **www.ireps.gov.in** । निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित निविदा प्रस्ताव केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए, सूचना पट्ट की स्थिति :** विद्यूत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता,
टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेल, गोमो
पीआर/00063/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/23–24/40



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

### शुद्धि-पत्र

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–25.03.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **18/ RCD/Daltonganj/2022-23/ 348** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 293632 Road(22-23)D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 294889 Road (23-24)_D



'जियाडा भवन' नामकुम औद्योगिक क्षेत्र, लोवाडीह, राँची –834010 (झारखण्ड)
Phone : 0651-2460408, Telfax:2460125, Website-www.jiada.co.in, Email Id-riada.rnc@gmail.com
## झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (राँची प्रक्षेत्र)

पत्रांक –487 दिनांक–11.04.2023

### औद्योगिक क्षेत्रों के अन्तर्गत भूमि आवंटन के लिए आवेदन करने हेतु आम–सूचना

झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (राँची प्रक्षेत्र) अन्तर्गत बरहे(चान्हो), सोसई(बुड़मु), गेतलसूद, लोहरदगा, लोहरदगा(एम0आई0पी0), गुमला(एम0आई0पी0), चकमें(बुड़मु), कुल्ही(ओरमांझी), सिल्क पार्क ईरबा, तुपुदाना, हजारीबाग, डाल्टेनगंज, डाल्टेनगंज(एम0आई0पी0), साहेर(नगड़ी), पतरातू–I, पतरातू–II(कटिया), पतरातू–II(हेसला), पतरातू–II(उचरिंगा), होटवार, कोकर, बेलचम्पा, टाटीसिल्वे प्रक्रम–I, बरही(हजारीबाग), गरजा(सिमडेगा), पातागाई(घाघरा) एवं झारगांव (चैनपुर) औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थित रिक्त भूखण्डों / शेडों का आवंटन प्राधिकार द्वारा किया जाना है। इन भूखण्डों / शेडों के आवंटन हेतु online आवेदन करने की तिथि दिनांक 13.04.2023 से 28.04.2023 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित अवधि में इच्छुक उद्यमी औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हेतु online आवेदन Single Window System की website: www.advantage.jharkhand.gov.in पर कर सकते है।

भूमि का अप्रतिदेय (Non-refundable) प्रोसेसिंग / स्क्रूटनी शुल्क क्रमशः 01(एक) एकड़ हेतु 10,000.00 रूपये, 01(एक) एकड़ से अधिक एवं 03(तीन) एकड़ तक 25,000.00 रूपये, एवं 03(तीन) एकड़ से अधिक भूमि हेतु 50,000.00 रूपये (GST अतिरिक्त) देय होगा। शुल्क का भुगतान online किया जायेगा।

उपरोक्त भूमि का आवंटन as is, where is के आधार पर किया जायेगा तथा तद्नुसार भूमि के रिजर्व प्राइस का निर्धारण किया गया है। रिजर्व प्राइस के अतिरिक्त आवंटी द्वारा अन्य सभी प्रकार के कर देय होंगे।

उपर्युक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं रिक्त भूखण्डों की सूची www.jiada.co.in तथा रियाडा के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

विश्वासभाजन
ह0/– क्षेत्रीय निदेशक

PR 294924 RIADA(23-24)D



## कार्यालय जिला परिषद्,कोडरमा

### अति अल्पकालीन नीलामी पुनः सूचना
### मेघातरी बस पड़ाव

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 (31 मार्च 2024 तक) के लिए मेघातरी बस पड़ाव की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में निम्नांकित तिथि को की जायेगी–

| क्र0 | बस पड़ाव का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बस पड़ाव मेघातरी | 8636500.00 | 863650.00 | 19–04–2023 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय हो, आवेदन पत्र (दस्तावेज सहित) के साथ संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते है। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 294863 Rural Development(23-24).D



## कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़
ई–मेल– ramgarh.rmsa01@gmail.com

### विज्ञप्ति संख्या–02 / 2023–24

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति, रामगढ़ के निदेशानुसार झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, झारखण्ड, राँची द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (सीधी नियुक्ति) की स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु रामगढ़ जिले के संसूचित रिक्ति के विरूद्ध अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति के पूर्व काउसिंलिग हेतु निम्न कार्यक्रम का निर्धारण किया जाता है :–

| क्रमांक | विशय | अभ्यर्थियों की संख्या | कुल | काउसिंलिग की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इतिहास / नागरिक–शास्त्र | 04 | 04 | 13.04.2023 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न |
| 2 | अंग्रेजी | 02 | 02 | |
| 3 | भूगोल | 01 | 01 | |
| 4 | शारीरिक शिक्षा | 01 | 01 | |
| 5 | उर्दू | 01 | 01 | |
| 6 | वाणिज्य | 04 | 04 | |
| | कुल | 13 | 13 | |
| 2 | काउसिंलिग के क्रम में आपत्ति के निराकरण एवं काउसिंलिग में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करने की तिथि एवं समय | | | 15.04.2023 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न |

रामगढ़ जिले के लिए उपरोक्त विशय हेतु कार्यक्रम के अनुसार सभी संबंधित अभ्यर्थी निम्नांकित अभिलेख **(मूल अभिलेख एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति दो सेट फोल्डर में)** के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय, रामगढ़ में उपस्थित होकर काउसिंलिग में सम्मिलित होगे :–

1.प्रवेश–पत्र।
2.शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्चत्तर योग्यता तक)
3.प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (बी०एड०) NCTE से संस्था एवं सत्र की मान्यता से संबंधित अभिलेख।
4.आवासीय प्रमाण पत्र।
5.जाति प्रमाण पत्र।
6.आधार / पैन / वोटर आई०डी० एवं चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
7.दिव्यांगता प्रमाण पत्र (विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों के लिए)।

निर्धारित तिथि को आयोजित काउसिंलिग में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 294886 (District)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

### ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(2nd Call)

**Very Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23 Dated–10/04/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 11/04/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 12/04/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 17/04/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 18.04.2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 19/04/2023 05:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 2642 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl. No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-03 | 1 | 11 | 99 | 2642 | 9,35,67,000.00 | 9,36,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website-http://jharkhandternders.gov.in

Executive Engineer
D.W.&S.Division, Garhwa.

PR.NO.294892 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



## STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND
Government of Jharkhand

**e-procurement Notice inviting Request For Proposal for Construction Supervision Consultancy Services (1st Call)**
**RFP No: SHAJ/PROC/SC/Majh-Dhoba-Dhobin/2023 Date: 10.04.2023**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request of Proposal for services of ***"Construction Supervision Consultancy Services for Reconstruction of (i) Majhgaon (MDR-185)-Dhoba-Dhobin-Echapi (Orissa Border) Road (Length-21.111 km.) and (ii) Dhoba-Dhobin-Kharpose Benisagar Road (Length-12.862 km.) (Total Length-33.973 Km.)"*** on SBD mode in State of Jharkhand. The cost of the work is **Rs. 101,25,79,986.**
2. The interested consultancy firm who have experience in services of similar works and required technical & financial strength may obtain Request of Proposal (RFP) document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in **from 13.04.2023 (15:00 hrs) to 11.05.2023.(15:00 hrs).**

The complete RFP Application shall be submitted online by **11.05.2023 (upto 15:00 hrs)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in as per instruction in RFP-Instruction to Bidder for e-tendering. All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website.

***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***

3. To participate in the bidding, it is mandatory for the applicants to get registered their firm /Joint Venture with **e-tendering portal of http://jharkhandtenders.gov.in to have user ID & password.**
4. The consultancy firm are required to submit non-refundable document **fee of Rs. 30,000/- (Rs. Thirty thousand only)** in the form of Demand Draft in favour of **"State Highways Authority of Jharkhand Fund"** payable at **Ranchi** and **Bid Security of Rs. 1,00,000/-** (Rs. One lakh only) in the form of Bank Guarantee from a Schedule Commercial Bank as per prescribed format. The document fee & Bid Security should be submitted to the office of undersigned latest by **11.05.2023 (upto 15:00 hrs).** The undersigned will open the received bid online on **12.05.2023** at **15:00 hrs.**

**Sd/-**
**Member (Technical)**
**State Highways Authority of Jharkhand**
**Deen Dayal Nagar (Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)**
**Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306**
**E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com**

PR294845 (State Highway Authority of Jharkhand)23-24*D

# सचिवालय घेराव कार्यक्रम में लोहरदगा से हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला लोहरदगा से 11 अप्रैल मंगलवार को हजारों की संख्या मे भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराँव के अगुआई मे झारखण्ड सचिवालय घेराव कार्यक्रम में लीये कार्यकर्ताओ ने भाग। इस अवसर पर लोहरदगा चट्टी मार्ग पर लोहरदगा राँची पुलिस के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के वाहनो को ली जा रही थी तलाशी,वही बेडो थाना गेट के पास कार्यकर्ताओ के द्वारा घेराव करने जा रहे वाहनो की ली जा रही थी तलाशी। चट्टी पुलिस पिकेट पर मुख्यालय डीएसपी परमेश्वर प्रसाद व थाना प्रभारी गौतम कुमार भण्डरा थाना सदल बल के साथ सड़क से गुजरने वाले वाहनो पर पैनी नज़र रखे हुए थे।



जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने लोहरदगा जिला के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सचिवालय घेराव कार्यक्रम मे अपेक्षा से अधिक बढ़ चढ़ कर भाग लेने वाले कार्यकर्ताओ के प्रति आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सह जिला कार्यकम संयोजक ने बताया कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जिले के एक -एक बूथ के कार्यकर्ता महिला युवा,किसान विरोधी हेमंत सरकार,गद्दी छोड़ो,हेमंत सरकार हाय हाय इत्यादि का नारा लगाते हुए सचिवालय घेराव कार्यक्रम में सचिवालय के रास्ते प्रभात तारा मैदान राँची मे उत्साहित होकर प्रदेश के नेताओ के पीछे आगे बढ़ रहे थे। आज के उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव,प्रदेश कार्यसमिति सद्स्य ओम प्रकाश सिंह,पुर्व चेयरमैन श्री चन्द प्रजापति,पुर्व जिला अध्यक्ष ब्रज विहारी प्रसाद,राजकिशोर महतो,राकेश प्रसाद,राजमोहन राम,सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार नलिन,हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू,शामेला भगत,सुरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह,अनिल उराँव, जगनंद्न पौराणिक,सरोज प्रजापति, भारती सिन्हा,छेदी राम, पशुपति नाथ पारस,सजल कुमार, ओम कुमार गुप्ता,प्रकाश नायक, जितेन्द्र महतो, संजय चौधरी, मीना बखला,कलावली देवी, मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, सुरज दशौंधी,मुकेश साहू, अमरेश भारती,नवीन साहू, विवेक सोनी,कैरो पुर्व अध्यक्ष राजेन्द्र महतो,शुकुल राम इत्यादि के नेतृत्व मे हजारो की संख्या मे बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ता सचिवालय कार्यक्रम में लिये भाग।

# स्वास्थ्य मंत्री से आलोक साहू ने पलमी स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने का किया मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के पलमी गांव की ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू मंगलवार को कांग्रेसियों के साथ पलमी गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि पलमी गांव जहांगीर चौक में विगत 7 वर्ष पूर्व बहुत बड़ा स्वास्थ्य केंद्र बना है जो आज तक चालू नहीं हुआ है। स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होने के कारण भवन भी जर्जर हो रहा है। ग्रामीणों ने श्री साहू से स्वास्थ्य केंद्र चालू करवाने की मांग किए ताकि इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिल सके। श्री साहू इस दौरान बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किए तो पाए कि स्वास्थ्य केंद्र के एक सरकारी भवन में विगत 1 वर्ष से यहां संस्कार वर्ल्ड ऐकेडमी प्राइवेट स्कूल एक से 10 तक चलाया जा रहा है। इस मामले को लेकर श्री साहू ने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ट्वीट कर सरकारी भवन में 1 वर्ष से



प्राइवेट स्कूल चलाने की जानकारी देते हुए विगत 7 वर्षो से बने स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने की मांग किए। श्री साहू ने लोहरदगा सिविल सर्जन से वार्ता कर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में किस के आदेश पर प्राइवेट स्कूल जो चलाया जा रहा है उसकी जांच करवा कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कहें ।मौके पर कांग्रेसी नेता अमर साव,सलाउद्दीन अंसारी,शाहजहां अंसारी,करमा उरांव,बुधमन उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर बरसाई लाठियां, निंदा

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची सचिवालय घेराव कार्यक्रम में सेन्हा प्रखंड से गए बीजेपी कार्यकर्ताओं में की गई लाठी चार्ज मंडल अध्यक्ष ने कहा बीजेपी के समर्थक का भीड़ देख हेमंत सरकार घबराया कराया लाठी चार्ज जो काफी निंदनीय है। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र से हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम के तहत सचिवालय घेराव करने रांची गए बीजेपी कार्यकर्ताओ में प्रशासन की ओर से की गई लाठी चार्ज। छोड़े गए आंसू गैस के साथ पानियो की बौछार किया गया बता दें कि पूरे राज्य भर से लाखो की संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता राज्य सरकार के विरोध में हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ अभियान के तहत रांची सचिवालय घेराव करने पहुंचे थे। जहां सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वही सचिवालय घेराव के दौरान बैरिकेटिंग से बीजेपी कार्यकर्ता आगे बढ़ना चाहते थे पुलिस द्वारा बीजेपी कार्यकर्ताओ को रोका गया और भीड़ बेकाबू हो गई जिसके बाद भीड़ को सचिवालय की ओर बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठी चार्ज कर दिया वही लाठी चार्ज के बाद भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले और पानियों की बौछार भी किया गया। वही पुलिस और बीजेपी कार्यकर्ताओ की इस झड़प में बीजेपी के कई बड़े नेताओं सहित कार्यकर्ताओ को चोट लगी है। वही सेन्हा प्रखंड से गए बीजेपी कार्यकर्ताओ में भी लाठी बरसाई गई जिससे नाराज भाजपा के सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष नवीन साहू ने इस करवाई की निंदा करते हुए कहा इस करवाई का जवाब आने वाले 2024 विधानसभा चुनाव में दी जाएगी सरकार बदलेगी झंडा बदलेगा और इस तरह से निंदनीय करवाई का बदला लिया जाएगा।

## मीजल्स रूबेला वैक्सिनेशन को लेकर अभिभावकों की बैठक

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पंचायत देवीपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुरहा में मीजल्स रूबेला वैक्सिनेशन को लेकर अभिभावकों के साथ विद्यालय परिसर में मंगलवार को एक बैठक किया गया। इस दौरान प्रधानांध्यापक विनय कुमार सिंह एवं एएनएम नंदनी कुमारी ने संयुक्त रूप से अभिभावकों को रुबेला के लक्षण,उससे बचाव के तरीके बतलाये।उनलोगों ने बताया कि रुबेला बच्चो के इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। इसलिए इसके बचाव के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है। प्रधानांध्यापक ने आए सभी अभिभावको को समझाते हुए कहा कि 12 अप्रैल 2023 अनि बुधवार से विद्यालय परिसर में रुबेला का वैक्सिन दिया जायगा। अपने अपने 9 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चो को वैक्सिन लेने के लिए प्रेरित करे तथा आस पड़ोस के लोगो को भी जागरूक करे। वही बैठक में सहायक शिक्षक छोटू साव, विष्णु साव, ए एन एम रीता कुमारी, सहिया सोनमती देवी,स्वेता देवी, रेखा देवी समेत विद्यालय के बच्चो के अभिभावक मौजूद थे।

## विद्युत शार्ट सर्किट से एक एकड़ गेहूं की फसल राख

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के ग्राम गोनरडीह में मंगलवार की दोपहर बिजली तार में हुए शार्ट सर्किट से एक एकड़ में खड़ी किसान की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की तत्परता के कारण कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसान मरचोई निवासी संतोष सिंह पिता रामस्वरूप सिंह ने बिजली विभाग के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि पेड़ से लगे तारों की वजह से घटना हुई है।मंगलवार को करीब 12¬30 बजे मरचोई निवासी संतोष सिंह के खेत से गुजरी हाईटेंशन लाइन के खंभे में ढीले तारों में स्पार्किंग हो गई जिससे निकली चिंगारी से संतोष सिंह के खेत में खड़ी फसल में आग लग गई।जिससे एक एकड़ गेहूं की फसल जल गई।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के सहयोग से मोटर व चापाकल के पानी से आग पर काबू पाया है। आग से करीब हज़ारों रुपये की फसल? जल जाने का अनुमान है। किसानों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही से ढीले तारों के कारण घटना घटित हुई है।वहीं किसान संतोष सिंह ने वरीय अधिकारियों से मुआवजा की मांग की है।

## खसरा और रूबेला दोनों ही वायरल रोग : उपायुक्त

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिजिल्स रुबेला से बचाव एवं रोकथाम को लेकर आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मीडिया कर्मियों को संबोधित किया गया। जिसमें उपायुक्त व सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के द्वारा मीडिया कर्मियों को मिजिल्स रुबेला से संबंधित मुख्य जानकारियां साझा किया गया। उन्होंने बताया कि खसरा और रूबेला दोनों ही वायरल रोग हैं। खसरा से बच्चों में निमोनिया या डायरिया जैसी बीमारियां होती है, वहीं रूबेला के कारण गर्भपात, मृत्यु और जन्मजात विकृति जैसे बिना आंख, कान, हाथ, पैर या बहरा हो सकता है। कहा यदि सभी बच्चों(9 महीने से लेकर 15 वर्ष की आयु के बच्चे) को टीका/वैक्सीन दिया जाए तो हमारे समाज से खसरा और रूबेला वायरस समाप्त हो जाएगा।यह टीका एक अतिरिक्त खुराक है, यह 9 महीने से 15 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को दी जाएगी, भले ही सरकारी या निजी सुविधा से ली गई एमआर वैक्सीन की पिछली खुराक कितनी भी हो। यह एक सुरक्षित टीका है, हमें नियमित टीकाकरण करने के पश्चात या उपयोग के दौरान कोई समस्या नहीं मिली है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ0 अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, डॉ0 मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

# सेन्हा थाना के समीप चलाया गया वाहन जांच अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रांची में सचिवालय घेराव रैली को लेकर सेन्हा थाना के समीप प्रशासन द्वारा चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र से पूर्व निधारित तिथि के अनुसार भाजपा द्वारा रांची में सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड व पंचायत के अलावे गुमला जिला के घाघरा प्रखंड क्षेत्र से भाजपा पार्टी कार्यकर्ता का राँची रैली प्रस्थान किया जाना था। जिसको लेकर सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशनुसार थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के नितदेश पर पु0अ0नि0 गणेश यादव तथा स0अ0नि0 श्रीकांत दास द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँव व पंचायत एवं गुमला जिला के घाघरा प्रखंड क्षेत्र से आने वाली चार पहिया वाहन सहित दो पहिया वाहनों का जांच किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेशनुसार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा यह जांच अभियान अगले आदेश तक जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि पूर्व में सेन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक कर जनहित में सूचना प्रसारण करते हुए कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार हटाओ झारखंड बचाओ रैली को सफल बनाने का अपील किया गया था।

# अधिकारियों ने चूल्हा निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुक्तिधाम समिति के अधिकारियों ने भस्को मुक्तिधाम पर हो रहे शेड एवं शवदह हेतु चूल्हा का निर्माण कार्य का किया निरीक्षण। जिला मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता उर्फ मन्ना ने कहा कि शेड का कार्य ठीक तरीके से किया जा रहा हैं शवदह का चूल्हा काफी बड़ा बन जाने के कारण उन्हें तोड़कर पुनः सही साइज का बनाया जा रहा है जो कि जल्द ही यह निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिससे कि गर्मी,बरसात आदि समयों में शवदह में कोई परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने बतया कि यह शेड एवं चुल्हा का निर्माण पूर्व राज्यसभा सांसद श्री महेश पोद्दार के फंड से पांच लाख (?5,00,000) का राशि आवंटन किया गया था,उसी के तहत यह शेड का निर्माण कराई जा रही है। शव रखने हेतु एक चबूतरा एवं शेड अगल से बगल के क्षेत्र में फैवर ब्लॉक लगाई जाएगी। मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि एक और शेड का निर्माण एवं शव रखने हेतु फ्रीजर की व्यवस्था देने का आश्वासन राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि श्री अशोक यादव ने की है। आज मुक्तिधाम पर निरीक्षण कार्य हेतु समिति अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता (मन्ना),कोषाध्यक्ष दीपक सर्राफ,जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता,कनीय अभियंता श्याम बिहारी यादव,विनोद सिंह, सोहन साहू,महावीर लोहरा,रवि उरांव, अजय लोहरा,गुड्डू आदि उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** समाहरणालय कोडरमा परिसर में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार दूसरे दिन भी जारी रहा . कार्यक्रम झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर के तहत आयोजित किया जा रहा है .धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कृष्ण , संचालन मृतक अर्जुन साव के पुत्र विरेन्द्र कुमार साव ने किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुकेन्दर साव, श्याम लाल राय, नवीन कुमार, उमेश मोदी, गौतम कुमार, रविंद्र कुमार बसंत ने कहा कि कोडरमा जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक अर्जुन साव के हत्या मामले में किसी भी आरोपियों को गिरफतार नहीं किया गया है जिसे शीघ्र गिरफ्तार करने, परिवार को बतौर पच्चीस लाख रुपए मुआवजा तथा एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, डोमचांच अंचल अधिकारी व पंकज सिंह राजस्व उपनिरीक्षक एवं अन्य उप-निरीक्षक और प्रभारी अंचल निरीक्षक को नौकरी से बर्खास्त करने हेतु प्रपत्र-?क ? गठित करने की मांग किया। इस अवसर पर अनिया देवी, छोटू भुला, रवि भुला, उमेश बरनवाल, फगुनी देवी, सुमा देवी, नवीन कुमार, मनीष कुमार, राजो साव आदि सैकड़ों कि संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

# बीडीओ की अध्यक्षता में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी सखी को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी सखी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बागवानी सखी को पौधारोपण से पूर्व गड्ढा की खुदाई, गहराई, ले-आउट, भराई, फेसिंग, पौधों का बेहतर प्रबंधन सहित कई बिंदुओं को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा प्रखंड में इस वितीय वर्ष मनरेगा से बिरसा



हरित ग्राम योजना के तहत 115 एकड़ में आम बागवानी का लक्ष्य है। जिसमें बागवानी सखी का अहम योगदान जरुरी है। हरित ग्राम योजना में बागवानी सखी का सहयोग जरुरी है। उन्होंने कहा कि पौधों को बड़ा होने तक एक शिशु की तरह देखभाल करना है। बागवानी से किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी उन्नति हुई है। किसान आम बागवानी के माध्यम से रोजगार से जुड़ सकते है। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण से पूर्व गड्ढा खुदाई, खुदाई के बाद कीटनाशक का छिड़काव,पौधारोपण के पश्चात सिंचाई सहित कई बिंदुओं को लेकर प्रशिक्षण दिया। मौके पर मनरेगा के बीपीओ सुदर्शन लकड़ा, जेएसएलपीएस के बीपीएम विजय प्रसाद ने भी बागवानी सखी को पौधारोपण को लेकर प्रशिक्षण दिया।

## कम पूँजी और बहुत ही कम मेहनत में आसानी से किया जा सकता है मशरूम की खेती : राधा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय के समीप जेएसएलपीएस द्वारा मशरूम किट का वितरण किया गया। झारखण्ड सरकार के कृषि एवं उद्यान विभाग के निर्देशन में जेएसएलपीएस के माध्यम से जिला परिषद सदस्य द्वारा 25 लाभुक किसानों को मशरूम किट का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि जीप सदस्य राधा तिर्की ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा की क्षेत्र में कम पूँजी और बहुत ही कम मेहनत में आसानी




से मशरूम का खेती किया जा सकता है। जिसे मशरूम का खेती कर किसान अपनी आय का स्रोत को दोगुनी कर सकते हैं। आय में वृद्धि होने से किसान खुशहाल और समृद्ध होंगे। मौके पर जयन्त कंडुलना,सुमित्रा देवी, अन्सारी,इन्दू देवी, बसन्ती उराँव,प्रदीप महली, लीलावती देवी सहित प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## अंचल अधिकारी के निर्देश पर हाथी पीड़ित परिवार को दिया गया राशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलड़ेगा :** जलड़ेगा प्रखण्ड के कोनमेरला पंचायत स्थित मुर्गीकोना में सिंगरेन कंडुलना नामक एक व्यक्ति के घर को दो जंगली हाथियों ने सोमवार राज करीब आठ बजे बुरी तरह घर ध्वस्त कर देने और घर में रखे चावल,महुआ,धान आदि समान बर्बाद करने की सूचना मिलने पर जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने राजस्व उप निरीक्षक उमेश ठाकुर को पीड़ित के घर जाकर नुकसान से संबंधित जायजा लेने और तत्काल राहत हेतु चावल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में राजस्व उप निरीक्षक उमेश ठाकुर, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य ने पीड़ित परिवार के घर जाकर पीड़ित को चावल दिया और वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।



# एनएसयूआई ने एनएसयूआई के संस्थापक सदस्यों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला एनएसयूआई कमेटी के तत्वधान में जिला एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय उरांव की अध्यक्षता में पूर्ववर्ती एनएसयूआई के संस्थापक सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने 35 से 40 वर्ष पूर्व जिले में छात्र संगठन एनएसयूआई की न्यू रखी थी। लोहरदगा जिला के कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में पूर्व एनएसयूआई छात्र नेताओं का




सम्मानित कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, (एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष) किशोर कुमार वर्मा,(एनएसयूआई के उपाध्यक्ष) झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय नाथ शहदेव,(एनएसयूआई के पूर्व महासचिव) सामाजिक कार्यकर्ता सज्जाद अंसारी,(एनएसयूआई के पूर्व महासचिव) श्री आलोक कुमार साहू, शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुमताज अहमद,(एनएसयूआई के पूर्व नगर अध्यक्ष) सेवादल के प्रदेश श्री महासचिव प्रदीप कुमार विश्वकर्मा,(एनएसयूआई के पूर्व जिला सचिव) सामाजिक कार्यकर्ता मो. सफीक अंसारी (चुन्नू जी),(जिला एनएसयूआई के संस्थापक सदस्य) सामाजिक कार्यकर्ता मो.मनीरुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रकाश उरांव जी शामिल रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए एनएसयूआई काम करती है साथी ही देश और समाज के लिए सकारात्मक पक्ष पर हमेशा एनएसयूआई खड़ी रहती है। काफी समय अंतराल के बाद लोहरदगा एनएसयूआई अपने सक्रिय स्वरूप में आई है जिला कमेटी से मेरा आग्रह है कि अपने तारीख को प्रखर रूप से निर्वहन करें।

हम सभी का आशीर्वाद है हर कदम पर हम लोग मदद करने के लिए तैयार हैं। जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहां की विनय जी के नेतृत्व में एनएसयूआई मजबूत हो रही है।

## चलते चलते एक नजर

### अक्षय तृतीया में टीबीजेड अपने ग्राहकों के लिए लेकर आया है नया ऑफर




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चर्च कंपलेक्स के एसी मार्केट स्थित टीबीजेड दी ओरिजिनल स्टोर में सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए फ्रेंचाइजी ऑनर संजय राजगढ़िया, संचिता राजगढ़िया, स्टोर मैनेजर निधि शरण और मार्केटिंग मैनेजर रवि सिन्हा ने संयुक्त रूप से बताया कि 22 अप्रैल 2023 को अक्षय तृतीय का शुभ मुहूर्त है। ऐसे मौके शुभ मौके पर लोगों में खासकर महिलाएं ज्वेलरी की खरीदारी बड़ी धूमधाम के साथ करती हैं। ऐसे खुशी के मौके पर टीबीजेड अपने ग्राहकों के लिए गोल्ड मेकिंग और डायमंड सहित स्वारा,ह्यियूज, नव्या जैसे बेहतरीन कलेक्शन लेकर आई है। निधि शरण ने बताया कि सबसे बड़ी बात हमारे ग्राहकों के लिए यह है , कि यदि वे गोल्ड ज्वेलरी खरीदते हैं और इसे बनवाते हैं तो इसके फ्लाइट पर 50त्न की छूट दी गई है । साथ ही डायमंड ज्वेलरी पर कोई बनवाई चार्ज नहीं लगेगा। यानी कि दोनों तरफ से ग्राहकों के लिए फायदे ही फायदे हैं। साथ ही अगर वह हमारे टीबीजेड ऐसी मार्केट में आकर यहां खरीदारी करते हैं तो उसे गिफ्ट भी दिया जाएगा।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद।** बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक तस्कर को मादक पदार्थ के साथ रंगे हाथ धर दबोचा है। तस्कर के पास से 30 ग्राम ब्राउन पाउडर जब्त किया गया है। घटना पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला के सीमा चौकी खंडुआ इलाके की है। तस्कर इस मादक पदार्थ को भारत से बांग्लादेश पार करने की फिराक में था। पकड़े गए तस्कर की पहचान अबु ताहेर के रूप में हुई है।अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की तरफ एक व्यक्ति को आते देख बीएसएफ जवानों को उस पर संदेह हुआ। जवानों ने उसे रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से उक्त मादक पदार्थ बरामद हुआ।पूछताछ के दौरान तस्कर ने बताया कि उसे यह मादक पदार्थ भारतीय तस्कर अनिसूर रहमान ने सीमा पार बांग्लादेशी तस्कर सुहान शेख को सौंपने के लिए दिया था। इस काम के लिए उसे दो हजार रुपये मिलने थे। पकड़े गए तस्कर को जब्त मादक पदार्थ के साथ लालगोला थाना को सौंप दिया गया।

# बांग्ला सांस्कृतिक मेला का राज्यपाल करेंगे शुभारंभ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बांग्ला सांस्कृतिक मेला का पांच मई को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुभारंभ करेंगे। समापन सात मई को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उपस्थिति में होगा। महोत्सव के द्वितीय दिवस में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। बांग्ला सांस्कृतिक मेला का आयोजन आगामी पांच से सात मई तक मोरहाबादी स्थित पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल प्रांगण रांची कॉलेज मैदान में आयोजित होगा। बांग्ला सांस्कृतिक मेला के पहले दिन की पहली प्रस्तुति कोलकाता के विश्वव्यापी प्रतिष्ठित नृत्य गोष्ठी डांसर गिल्ड के रंगारंग उत्सव नृत्य से होगी। मेला में आम जनों के निशुल्क उपस्थिति रहेगी। संपूर्ण मेला प्रांगण को सतरंगी रंगों में सजाया जाएगा। मेला में 35 बंगला परिधान साहित्य, कला कृत्य के प्रदर्शनी सह बिक्री के लिए 35 स्टाल का स्थाई निर्माण किया जाएगा। मेला प्रांगण में 10 पवेलियन का अस्थाई निर्माण किया जाएगा। बांग्ला खाद्य पदार्थ एवं पेय की विशाल व्यवस्था प्रांगण के फूड कोर्ट में होगी।

## टीपीसी का गिरफ्तार दो व्यक्तियों से संबंध नहीं, नक्सली संगठन के दक्षिणी सब जोनल ब्यूरो ने दी सफाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड की लातेहार पुलिस के गिरफ्तार दो व्यक्तियों के टीपीसी से संबंध होने के दावे पर नक्सली संगठन ने सवाल खड़ा किया है। तृतीय प्रस्तुत कमेटी (टीपीसी) के दक्षिणी सब जोनल ब्यूरो जितेंद्र ने इस संबंध में आज (मंगलवार) प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इसमें दावा किया गया है कि लातेहार पुलिस ने जिन दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, उनका संगठन से कोई संबंध नहीं है। पुलिस टीपीसी को अपराधियों से जोड़ रही है। संगठन का किसी भी आपराधिक गिरोह से लेना देना नहीं है। नक्सली संगठन की विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि इन दिनों टीपीसी के नाम पर ठेकेदारों और कारोबारियों को धमकाया जा रहा है। ऐसे लोगों को टीपीसी ने चिह्नित किया है। यह काम पोचरा का शमसाद अंसारी, जान्हो मतनाग का नंदू शर्मा, कोकी का भीम पासवान और महुआडाड़ का मंजर खान कर रहे हैं। यह लोग रात में कार्यस्थलों पर जाकर ठेकेदारों को धमकाकर मजदूरों के साथ मारपीट करते हैं। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक टीपीसी किसी भी आपराधिक गिरोह को पैसा उगाही का जिम्मा नहीं देता है। विवेक जी के नाम पर पैसा मांगा जा रहा है। वह जेल में बंद है। नवीन और रविंद्र नाम से भी धमकी दी जाती है। इनसे भी टीपीसी का कोई लेनादेना नहीं है। टीपीसी मजबूत है। उससे किसी भी आपराधिक गिरोह की जरूरत नहीं है।


दिनांक 10-04-2023
दक्षिणी सब जोनल ब्यूरो
प्रेस वक्तव्य

# बिना पेंदी के लोटा हैं शरद पवार

# पवार का मोदी प्रेम

रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र

महाराष्ट्र की राजनीति के पुरोधा व शिल्पकार शरद पवार का मोदी प्रेम कहिए भाजपा प्रेम अचानक उमड़ पड़ा है। पवार का इस प्रेम के मायने क्या है ? इस बात की पड़ताल जरूरी है। पवार राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। वे हमेशा चाहते हैं कि महाराष्ट्र की राजनीति उनके इर्द-गिर्द परिक्रमा करे। उनका यह चाहत फलीभूत भी होता रहा है। एक समय तो ऐसा भी था कि महाराष्ट्र की सत्ता में पवार की तूती बोलती थी। वे चार बार सीएम रहे हैं। सत्ता से बेदखल होने के बाद भी वे सत्ता से चिपके रहने की भरसक कोशिश की। इसका ताजा उदाहरण उद्धव ठाकरे की सरकार रहा। 2019 में ठाकरे की सरकार बनाने में पवार की महती भूमिका था। पवार भाजपा की राह में रोड़ा बने। पवार के कारण ही उद्धव सीएम बने और भाजपा को बैक फुट पर जाना पड़ा। कुछ समय के बाद भाजपा ने उद्धव सरकार को उखाड़ फेका और अपनी सरकार बनाई। लेकिन उद्धव के लिए पवार, चाणक्य साबित हुए। उद्धव सरकार का तख्तापलट होने के बाद शरद पवार ने तुरंत कहा कि वह महसूस करते हैं कि एमवीए के तीनों घटक शिवसेना, कांग्रेस व एनसीपी को 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ना चाहिए। हालांकि पवार ने कहा कि इस मुद्दे पर फैसला पार्टी और गठबंधन में शामिल घटक दलों के साथ बातचीत करके ही लिया जाएगा। पवार हमेशा से यूपीए गठबंधन के हिमायती रहे हैं। इधर हाल के दिनों में इनका हृदय परिवर्तन हुआ है। अभी अदानी मामले को लेकर सड़क से लेकर संसद तक कोहराम मचा हुआ है । हाल ही में संसद का बजट सत्र खत्म हुआ है। इस मामले को लेकर पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। सदन में 19 विपक्षी पार्टियों ने अडानी के मुद्दे पर जेपीसी की मांग करते हुए मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। राहुल गांधी भी लगातार सदन के अंदर और बाहर इस मुद्दे पर सरकार को घेरते नजर आए। लेकिन शरद पवार ने इस मुद्दे पर अलग स्टैंड लिया।अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग ने पिछले दिनों गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप को लेकर एक रिपोर्ट जारी की। हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर मार्केट में हेरफेर और अकाउंट में धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई। हालांकि गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया। उन्होंने दावा किया कि इस रिपोर्ट में जनता को गुमराह किया गया। इस मामले पर शरद पवार ने कहा कि हिंडनबर्ग ने पहले भी ऐसे बयान दिए थे और तब भी सदन में कुछ दिन हंगामा हुआ था। लेकिन इस बार जरूरत से ज्यादा तवज्जो इस मुद्दे को दे दी गई है। वैसे भी जो रिपोर्ट आई, उसमें दिए बयान किसने दिए, उसका क्या बैकग्राउंड है। जब वे लोग ऐसे मुद्दे उठाते हैं जिनसे देश में बवाल खड़ा हो, इसका असर तो हमारी अर्थव्यवस्था पर ही पड़ता है। लगता है कि ये सबकुछ किसी को टारगेट करने के लिए किया गया था। पवार का यह बयान सिर्फ और सिर्फ मोदी प्रेम है। इससे ज्यादा कुछ नहीं। इधर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई नेता लगातार प्रधानमंत्री की डिग्री पर सवाल खड़े कर रहें है। इस मामले को लपकते हुए शरद पवार ने कहा कि आज देश के सामने डिग्री का सवाल है। आपकी डिग्री क्या है,मेरी डिग्री क्या है ? क्या यह राजनीतिक मुद्दा है ? इस मामले पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। पवार का यह बयान भी मोदी प्रेम ही है। सावरकर मामले को लेकर राहुल गांधी और भाजपा के बीच अभी हाल में खूब आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। इस मामले पर भी शरद पवार ने कहा कि आज सावरकर कोई राष्ट्रीय मुद्दा नहीं है। हम देश की आजादी के लिए सावरकर द्वारा दिए गए बलिदान को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सावरकर मामले में पवार के इस बयान में भी मोदी प्रेम झलकता है। अभी हाल के दिनों से यह देखा जा रहा है कि जिन मुद्दों को लेकर विपक्षी पार्टियां मोदी या भाजपा को घेर रही रही है, उस मुद्दे पर पवार तुरंत ही मोदी के पक्ष में बयान देकर विपक्ष की बोलती बंद कर दे रहे हैं। जबकि वो अभी भी विपक्षी खेमा से ही आते हैं। पवार बिना पेंदी वाले लोटा के समान कभी सोनिया-राहुल तो कभी भाजपा-मोदी का गुणगान करने लग जाते हैं। दोनों के ही गुणगान में पवार का अपना राजनीतिक लाभ छुपा रहता है। इसलिए समय की नजाकत को देखते हुए पवार के दो नाव की सवारी वाले सिद्धांत को जानने-समझने की जरूरत है। क्योंकि यह सर्वविदित है कि वे अंतिम समय में विपक्ष के ही हां में हां मिलाएंगे। उनका मोदी प्रेम राजनीतिक स्वार्थ साधने से ज्यादा कुछ भी नहीं है।



# डीजीपी से मिला झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में मंगलवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में विधि व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए कई सुझाव दिये।

डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात के दौरान लॉ एण्ड ऑर्डर उपसमिति के चेयरमैन प्रवीण लोहिया ने एसपी के नेतृत्व में सभी जिलों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से पुलिस-व्यापारी समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रखने में प्रशासन का सहयोग करेंगे।

रांची नगर निगम के इनफोर्समेंट कर्मियों की ओर से खाकी वर्दी के उपयोग से लोगों के बीच बन रही भ्रम की स्थिति पर भी प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताई। मौके पर सह सचिव रोहित पोद्दार ने ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि तत्कालीन डीआईजी ने भी इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए प्रश्नचिन्ह लगाया था। उन्होंने इस मामले में अग्रतर कार्रवाई की जानकारी लेते हुए इसे तुरंत बंद करने का आग्रह किया। इसपर डीजीपी ने उचित विचार के लिए आश्वस्त किया।



चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने गिरिडीह में चार वर्षों से आरंभ किये गये ट्रैफिक थाना में अब तक प्रशिक्षित ट्रैफिक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से हो रही समस्याओं से भी अवगत कराया और गिरिडीह में प्रशिक्षित ट्रैफिक पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त व्यवसायिक वाहनों की जांच में थाना स्तर पर होने वाले विलंब पर भी चर्चा की गई।

प्रदेश के कई जिलों के ऑटो रिक्शा ऑनर्स से लेकर बस ऑनर्स और ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के सदस्यों की ओर से नियमित रूप से चैंबर के समक्ष इस विषय पर चिंता जताई जाती है। बैठक के दौरान टाइगर मोबाइल को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर देते हुए प्रतिनिधिमंडल ने राज्य स्तर पर सभी जिलों में पुनः बड़े रूप में टाइगर मोबाइल गश्ती सेवा को चालू करने की मांग की। होटल संचालकों की दैनिक रिपोर्ट थाना में भौतिक रूप से जाकर जमा करने से होनेवाली परेशानियों पर भी चर्चा की गई। यह आग्रह किया गया कि संबंधित थाना ईमेल अथवा वॉट्सएप्प से होटल की दैनिक रिपोर्ट लेने की व्यवस्था की जाय। पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

## डेटा लेयर्स पर डेटा मैपिंग और डेटा की प्रामाणिकता में सुधार की जरूरत : सुमिता

**वाराणसी:** पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) पर आधारित दो दिवसीय पांचवीं क्षेत्रीय कार्यशाला मंगलवार से चौकाघाट स्थित गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल के सभागार में शुरू हुई। इसका शुभारंभ केंद्रीय उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की विशेष सचिव सुमिता डावरा और बुनियादी ढांचा एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रधान सचिव अनिल सागर ने किया।कार्यशाला में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा के प्रतिनिधियों के अलावा केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में सुमिता डावरा ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अपील की कि वे सभी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए एनएमपी/एसएमपी का उपयोग करें।

# फुसरो मे कोयला से लदा डब्बा हुआ डीरेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**फुसरो :** गोमो बरकाकाना रेलखंड के फुसरो स्टेशन से अमलो होल्ट के पोल संख्या 29/13 के समीप कोयले से लदा मालगाड़ी का डब्बा बेपटरी होने के कारण पलटते पलटते बचा। जिससे एक बड़ी दुर्घटना टली। खबर लिखे जाने तक बेपटरी होने का पता नहीं चल पाया था। जानकारी मिलते ही रेल के अधिकारी मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ले रहे है। वहीं रेलवे के अधिकारी और कर्मचारीयो के द्वारा डब्बा को उठाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे डीआरएम ढोरी जीएम घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा,ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल,एसओपी प्रतुल कुमार, बैजनाथ महतो मौके पर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी लिया एवं अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने का आदेश दिया।

### क्या कहते है डीआरएम

डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि घटना किस कारण से हुई है इसकी जांच की जा रही है। साफ-सफाई को लेकर कहा कि पटरी पर लगातार साफ सफाई का कार्य चल ही रहा है।

ट्रेन के समय में बदलाव पर कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण ट्रेन के समय को बदलाव किया गया है।

# फैशन प्वाइंट के एग्जिबिशन का अंतिम दिन आज, सभी के लिए विशाल संग्रह उपलब्ध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** फैशन पॉइंट का एक्सक्लूसिव ग्रैंड शो का भव्य शुभारंभ मेंन रोड स्थित होटल कैपिटल हिल में महाराज कुमारी माधुरी मंजरी देवी द्वारा किया गया। अथिति के रूप में खुसी काकन मिस्टर झारखण्ड और रंजना स्वरूप डायरेक्टर शारदा ग्लोबल स्कूल रांची , डॉक्टर नीलिमा कुमार प्रोफेसर रांची विमेंस कॉलेज, दीपाली पांडेय फैशन मॉडल (मिस इंडिया चार्मिंग मॉडल) शामिल हुए। रांची वासियों के फैशन सेंस, पसंद, शादियों में पहने जाने वाले आकर्षक परिधान और ज्वेलरी को देखते हुए इस एग्जिबिशन को आयोजित किया गया है। यहाँ पूरे देश भर से जाने माने डिजाइनर अपने बेस्ट एंड एक्सक्लूसिव कलेक्शन लेकर आए हैं। पहले दिन की शुरुवात से ही कस्टमर्स की भीड़ अपने पसंदीदा परिधानों एवम् ज्वेलरी की खरीदारी में काफी व्यस्त दिखी। हर स्टॉल की यहां अलग खासियत है। बड़े महानगरों में पसंद किए जाने वाले क्लासी डिजाइंस के कलेक्शंस यह देखे जा सकते हैं। चाहे करनी हो पूरी शादी की शॉपिंग या तरह तरह के फंक्शंस की, फैशन प्वाइंट के इस एग्जिबिशन में सभी के लिए विशाल कलेक्शंस उपलब्ध हैं। पूरे भारत के अलग अलग शहरों से जाने माने डिजाइनर्स अलग अलग फैशन के परिधान एक ही छत के नीचे यहां लेकर आए हैं। इस ग्रैंड एग्जिबिशन का आज अंतिम दिन है। आने वाले त्योहारों और शादियों को देखते हूए जिसमे पसंदीदा कपड़े, ज्वैलरी, शादी के लिए लहंगा और डिजाइनर्स ड्रेसेज कस्टमाइज करवा सकते है। इस एग्जिबिशन में ब्राइडल कलेक्शन,वेस्टर्न, एंडो वेस्टर्न, सेलिब्रिटी कलेक्शन, होम डेकोर, रियल ज्वैलरी, एथिनिक वियर,बैग्स और भी कई तरह तरह के कलेक्शंस उपलब्ध हैं। रांची वासियों के लिए सिल्क की साड़ीयों के कलेक्शंस और सूट्स के खूबसूरत और आकर्षक डिजाइंस जिसमे डॉलर सिल्क, बनारसी सिल्क, माहेश्वरी सिल्क, ऑर्गेजा सिल्क में निडिल वर्क किए गए भी यहां उपलब्ध हैं। रांची वासियों की डिमांड पर रोशनी बुटीक लेकर आ रही है अपना बिलकुल एक्सक्लूसिव कलेक्शन , और टेरालुना कॉटन एंड लेनिन के ऑर्गेनिक कलर में समर कलेक्शन लेकर आ रहे हैं बिलकुल एक्सक्लूसिव कलेक्शन सिर्फ रांची वासियों के लिए 7 प्रसिद्ध डिजाइनर इस एग्जिबिशन में अपने एक्सक्लूसिव कलेक्शंस असम, सूरत, कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, बनारस, पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण से लेकर आई हैं। इनकी खूबसूरत सेलिब्रिटी डिजाइंस रांची वासियों को काफी पसंद आई और काफी कस्टमर्स ने इनसे कस्टमाइज करवा कर अपने ड्रेसेज की खरीदारी की। रांची में एक बार फिर से देश के बड़े बड़े महानगर जैसे, मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, असम, पुणे, बंगलौर से शानदार कलेक्शन की भरमार देखी गई। ज्वैलरी में रियल डायमंड ज्वैलरी, गोल्ड ज्वैलरी, और भी कई तरह की ज्वेलरी की जमकर खरीदारी हुई। रांची में एक बार फिर से येन-औरना मेन्ट और केजरीवाल ज्वेलर्स आ रहे हैं। ये सर्टिफाइड सर्टिफाइड ज्वेलरी का कलेक्शन रखते हैं। आसाम के डिज़ाइनर खास रांची वासियों के लिए अपने आसाम एक्सक्लूसिव कलेक्शंस लेकर यहां आए हैं । इस एग्जिबिशन में मुंबई के डिज़ाइनर अपने कलेक्शंस भी लेकर आये हैं जो की सभी कस्टमर्स को क्लासी लगे और काफी खरीदारी भी हुई। इस एग्जिबिशन में एंट्री और शॉपिंग पर लकी ड्रॉ से कस्टमर्स ने इनाम भी जीते। इस एग्जिबिशन का आज अंतिम दिन है तो सभी रांचीवासियों से अनुरोध है की इस मौके का फायदा उठाएं और मेंन रोड स्थित होटल कैपिटल हिल में आकर देश भर से आए एक्सक्लूसिव कलेक्शंस का लुत्फ उठाएं।



## धर्मेंद्र प्रधान ने डिजिटल संस्करण का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री (एमएसडीई) धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को यहां फ्यूचर स्किल्स फोरम में भारत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में नामांकित छात्रों के लिए रोजगार कौशल पाठ्यक्रम के डिजिटल संस्करण का अनावरण किया। द फ्यूचर स्किल्स फोरम - फ्यूचर राइट स्किल्स नेटवर्क (एफआरएसएन) की एक पहल है, जो क्यूस्ट एलायंस, एक्सेंचर, सिस्को और जेपी मॉर्गन का एक सहयोगी प्रयास है। यह युवाओं को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कौशल हासिल करने में मदद करने के लिए सरकारी कौशल प्रशिक्षण संस्थानों, नागरिक समाज संगठनों, उद्योग और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी भागीदारों को एक साथ लाता है।

